वर्ष- 21 अंक - 271 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

परिवार के मुखिया के अलावा बाहर से आए 6 रिश्तेदारों की भी मौत...

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, बुधवार 18 मार्च 2026

## इंदौर में रात 3 बजे दर्दनाक हादसा...

# बंगले में आग से 8 लोग जिंदा जले

## चार्जिंग के दौरान इलेक्ट्रिक कार में लगी आग की चपेट में आ गया मकान

### गैस टंकियों में ब्लास्ट मासूम के शव को पोटली में समेटना पड़ा



पोटली में एक मासूम का शव रेस्क्यू किया गया। घटना के करीब 5 घंटे बाद यह शव एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू किया। चित्र विचलित जरूर कर सकता है। बताया जा रहा है मासूम टंकी के समीप ही था और ब्लास्ट होने के कारण उसके शव के तीन टुकड़े हो गए। वह बाहर से इंदौर आया था। बताया जा रहा है पुंगलिया के घर में करीब 9 गैस सिलेंडर रखे हुए थे जिसमें 2 से 3 सिलेंडर में ब्लास्ट हुए। मौके से टीम ने 6 सिलेंडर भी बाहर निकाले। सिलेंडर में हुए धमाकों से आग और ज्यादा भड़क गई। घटना के दौरान घर में 12 लोग थे। चार लोगों ने कूदकर जान बचाई।



### बिजली गुल होने से बंद हो गए इलेक्ट्रॉनिक दरवाजे, भीतर फंस गए लोग चार ने कूदकर बचाई जान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर में आज सुबह एक जैन परिवार के लिए ब्रह्म मुहूर्त काल बनकर आ गया। बंगाली चौराहा के समीप ब्रजेश्वरी ऐनेक्स स्थित एक बंगले में आग लग गई जिसमें 8 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। परिवार के मुख़िया, उनकी बहू और बाहर से आए 6 रिश्तेदारों की घटना में दर्दनाक मौत हो गई। सभी के शव जल गए। एक मासूम का शव पोटली में समेटना पड़ा।

ब्रजेश्वरी एनेक्स निवासी मनोज पुंगलिया के बंगले में रात करीब 3 बजे आग लग गई। बताया जा रहा है कि बंगले के बाहर इलेक्ट्रॉनिक कार पंच चार्ज हो रही थी। आग कार में लगी जिसके बाद पार्किंग में खड़े अन्य दोपहिया वाहनों को चपेट में लिया और कुछ ही क्षणों में आग घर की निचली मंजिल में फैल गई। अंदर मनोज पुंगलिया की पत्नी, तीन बेटे, एक बहू के अलावा बाहर से आए 6 रिश्तेदार थे। तीनों बेटों और उनकी मां ने जैसे-तैसे कूदकर जान बचाई। बाहर से आए मनोज पुंगलिया के साले और उनका परिवार इस आगजनी की चपेट में आ गया। वे बीमारी का इलाज कराने इंदौर आए थे। घटना में मनोज पुंगलिया और उनकी बहू सिमरन पति सौरभ पुंगलिया के अलावा मनोज पुंगलिया के साले विजय सेठिया, उनकी पत्नी सुमन, बेटा छोटू, राशि, टीनू और एक 8 वर्षीय मासूम की मौत हुई। क्षेत्रीय रहवासियों ने बताया कि किसी राहगीर ने पहले आग को देखा तो आसपास के लोगों को उठाया, जिसके बाद पड़ोसियों ने पुंगलिया को फोन भी किया और घर पर पत्थर फेंके। अंदर से कुछ लोग बाहर निकलने की जुगत करते नजर आए। खास बात यह है कि आगजनी की शुरुआत इलेक्ट्रॉनिक कार क़ी चार्जिंग के दौरान हुई, समीप ही बिजली का खंभा था जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। इधर पुंगलिया के मकान में इलेक्ट्रॉनिक गेट भी लगे हुए थे जो लॉक हो गए। अंदर के लोगों का दम घुटने लगा और वे भीतर फंस गए। कुछ क्षणों में आग ने मकान की ऊपरी दोनों मंजिल को चपेट में ले लिया और 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के करीब डेढ़ घंटे बाद फायर ब्रिगेड और 2 घंटे बाद एम्बुलेंस पहुंची जिससे क्षेत्रीय लोगों में जमकर आक्रोश है। घटनास्थल पर कई अफसर और नेता भी पहुंच गए।



मनोज पुंगलिया



सिमरन पुंगलिया





शवों को टीम ने अंदर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय पहुंचाया।

विस्तृत समाचार पेज 03 एवं 12 पर

॥ आठवा पुण्य स्मरण ॥ 18.03.2026
आपसे थे सारे शगुन संस्कार, आपके तप से फला फुला परिवार

श्रीमती विद्यावती गर्ग
(धर्मपत्नी स्व. श्री कल्याणमल जी गर्ग)
माँ के होने से ही है हमारा अस्तित्व...
माँ के प्यार व त्याग से ही है हमारा घर-संसार
माँ से ही है हम सबकी खुशियां
माँ सदा बनी रहे आपके सपने की यह अनमोल दुनिया
श्रद्धानवत्
पुत्र-पुत्रवधु : विष्णु-निर्मला गर्ग, शिवशंकर-राधा गर्ग, टीकमचंद-प्रेमलता गर्ग, श्याम-विमला गर्ग, राजेश - सुनीता गर्ग
देवर-देवरानीः कृष्ण गोपाल-कलावती, जगदीश चंद्र-कृष्णा बाई
पौत्र-पौत्रवधुः विनित-निशा, सुधीर-निकीता, अमीत-नीतू, आनंद-श्रुती, वरूण-अपूर्वा,
पौत्रीः प्रीति-अशोक, खुशबु-वरुण, प्रथा-रजत, शाश्वत-राधिका, सौम्या-जान्हवी
KALYAN® GROUP
फर्मः • कल्याण टोल इंफ्रास्ट्रक्चर लि. • कल्याण मार्बल एंड ग्रेनाइट लि. • कल्याण आयरन एंड स्टील प्रा. लि. • कल्याण नवनिर्माण लि. • कल्याण मार्ट • कल्याण एक्सप्रेस वेयर हाउस • कल्याण कोल्ड स्टोरेज • कल्याण विद्या निकेतन
© Manish

# निगम जहां टैक्स वसूलने जाएगा वहां कांग्रेस उसका विरोध करेगी





## आयुक्त कार्यालय पहुंचकर दिया कांग्रेसियों ने ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम ने एमओएस और खुली जगह पर टैक्स लेने का अभियान इन दिनों बड़ी ताकत से चला रखा है। कांग्रेस लगातार इसका विरोध कर रही है और कल कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल निगम आयुक्त कार्यालय पहुंचा और वहां आयुक्त को ज्ञापन दिया गया और दो टूक कहा गया कि इस एमओएस टैक्स को वापस लिया जाए। कांग्रेस ने आयुक्त से कहा कि 8 लाख लोग परेशान है और जो मकान व खुला स्थान छोड़ा गया है उस पर टैक्स किस बात का दिया जाए। बिल कलेक्टर इन दिनों जिनके पूरे टैक्स भरे हुए हैं उनके पांच साल के खाली प्लाट के टैक्स को लेकर कुर्की की बात कर रहे हैं। कांग्रेसियों की बात निगम आयुक्त ने सुनी, लेकिन टैक्स समाप्त करने को लेकर कोई जवाब नहीं दिया। कांग्रेस ने कहा कि जहां-जहां बिल कलेक्टर टैक्स की वसूली करने, कुर्की करने जाएंगे कांग्रेस उनका मैदानी विरोध करेगी और उस टैक्स की वसूली को रोका जाएगा। कांग्रेस ने यह भी कहा कि निगम ने खाली जमीन टैक्स की वसूली को नहीं रोका तो कांग्रेस इसका मैदानी विरोध करेगी। चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे, दीपू यादव, सुदामा चौधरी, विनय बाकलीवाल, अमन बजाज, शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल, शैलू सेन, धर्मेन्द्र गेंदर, मुकेश ठाकुर, सुधीर सेठिया, अमित चौरसिया, देवेन्द्रसिंह यादव, ठाकुर जितेन्द्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## तीन सांसदों ने लोकसभा में उठाई इंदौर-रीवा ट्रेन को नियमित करने की मांग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर से रीवा के बीच के तीन सांसद इंदौर के शंकर लालवानी, सतना के गणेश सिंह और रीवा के जनार्दन मिश्रा ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान इंदौर-रीवा ट्रेन को नियमित करने की मांग उठाई। वहीं महत्वपूर्ण बात यह रही कि सीधी सिंगरोली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने भी इंदौर-सिंगरोली नई ट्रेन चलाने की मांग लोकसभा में उठाई। दोनों ही ट्रेन के मामले में चारों सांसदों का कहना रहा कि सिंहस्थ करीब है और श्रद्धालुओं को इन ट्रेन से फायदा होगा। प्रश्नकाल के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में यह प्रश्न उठाए गए। उल्लेखनीय है कि इंदौर और विंध्यवासियों द्वारा इंदौर-रीवा ट्रेन को लम्बे समय से नियमित करने की मांग की जा रही है। इधर विंध्य ग्रुप से जुड़े डॉ. आरएन मिश्रा ने बताया कि बड़ी संख्या में विंध्य क्षेत्र के लोग इंदौर में रहते हैं और आने-जाने में केवल एक ट्रेन इंदौर-रीवा मिलती है, जिसमें दो माह की वेटिंग होती है।

## 24 प्रमुख चौराहों पर कांग्रेस कल बांटेगी गुड़ धनिया

### ब्लॉक अध्यक्षों को दी जवाबदारी, साथ मिलेगा मोर्चा, प्रकोष्ठ और अन्य का साथ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, सगंठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने सभी 24 ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे कल हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर अपने ब्लॉक के अधीन आने वाले प्रमुख चौराहो पर कांग्रेस का झंडा लेकर गुड़ धनिया का वितरण कल सुबह 9.30 से 10.30 बजे तक करें और साथ में कांग्रेस के महिला मोर्चा, सेवादल, युवक कांग्रेस, भाराछासं और सभी प्रकोष्ठ पदाधिकारियों के साथ वहां रहने वाले वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी आयोजन में शामिल करें। कल गुड़ी पड़वा पर गुड़ धनिया के अलावा कांग्रेसी कई जगह गुड़ी भी स्थापित करेंगे और पूजा भी करेंगे। भगवान सूर्य को अर्घ्य भी देंगे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने 20 नए ब्लॉक अध्यक्ष बनाए हैं उन्हें निर्देशित किया गया है, वहीं चार पुराने ब्लॉक अध्यक्षों को भी निर्देशित कर उनसे अभी काम लेने के निर्देश दिए हैं।

कुल मिलाकर कांग्रेस हिन्दू नववर्ष पर करीब एक घंटे गुड़ धनिया बांटकर आम जनता के बीच पर्व मनाएगी। कांग्रेस चाह रही है कि एकाध जगह भगवान सूर्य को भी नववर्ष पर अर्घ्य दिया जाए। इस तरह कांग्रेस गुड़ धनिया बांटने के अलावा गुड़ी लगाकर पूजा करने का काम भी कल करेगी।

## रिकार्ड दुरुस्त नहीं फिर भी जनता को करते हैं परेशान -कांग्रेस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने सवाल उठाया कि जब शासन प्रशासन का रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं है तो प्रशासनिक अधिकारियों व्दारा जबरिया वसूली खातिर हिटलरशाही क्यों चलाई जा रही है। इंदौर जिले के शहरी क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए व्दिवेदी ने सवाल उठाया कि कालोनाइजरों व्दारा बेचें गये प्लाटों का नामांतरण करवाया गया तो डायवर्सन शुल्क लिस्ट में प्लाट धारकों का नाम जोड़कर उन्हें शुल्क जमा करने के आदेश दिए जाने चाहिए तथा बचे हुए क्षेत्रफल पर कालोनाइजरों को, परंतु हकीकत में जिला प्रशासन द्वारा अपनी सूची अपटेड नहीं की जा रही है और पटवारी, आरआई, नायब तहसीलदार, तहसीलदार एसडीएम लगातार कालोनाइजरों को डायवर्सन शुल्क जमा करने का नोटिस पर नोटिस जारी कर संपत्ति जब्ती की धौंस दे रहे हैं। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि जब कालोनाइजरों व्दारा भूखण्ड बेच कर प्लाट धारकों का नामांतरण करवाया है तो डायवर्सन शुल्क प्लाट धारकों से उनके क्षेत्रफल अनुसार लिया जाए परंतु कौन कवायद करें की शैली अपनाई जा रही है। रालामंडल, बिल्लोद, बेटमा, हातोद, राऊ, रंगवास आदि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा प्रशासनिक खामियां हैं और नोटिस नोटिस खेला जा रहा है। अगर इंदौर जैसे शहर एवं ज़िले में यह हालत है तो प्रदेश की स्थिति समझी जा सकती हैं। यह है मप्र में आधुनिक एवं कम्प्यूटरिकृत सरकारी व्यवस्था।

## फूलों की दुकान हटाने पहुंचे निगम कर्मियों का जोरदार विरोध

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर में खानपान के एक बड़े ठिकाने के रूप में विकसित 56 दुकान पर अतिक्रमण हटाने के दौरान जोरदार हंगामा हो गया। वहां पर फूलों की दुकान को हटाने के लिए पहुंचे नगर निगम के कर्मचारियों का जमकर विरोध किया गया।

नगर निगम के जोनल अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि 56 दुकान के ठीक सामने स्थित वन सेंटर को लेकर एक मामला कोर्ट में चल रहा था। इस मामले में कोर्ट के द्वारा वन सेंटर के पास में अतिक्रमण कर बनाई गई फूलों की दुकान पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश के परिप्रेक्ष्य में कल नगर निगम की टीम 56 दुकान पर अतिक्रमण को हटाने के लिए पहुंच गई।

इस टीम के द्वारा जब वहां पर जाकर फूलों की दुकान को हटाने की कार्रवाई शुरू की जाने लगी तो इस दुकान की संचालक महिला और उनके साथियों के द्वारा जमकर हंगामा किया गया। इन लोगों ने निगम की कार्रवाई का विरोध किया। इनका कहना था कि निगम के द्वारा गलत तरीके से उन्हें हटाया जा रहा है। उनका यह भी दावा था कि उनके द्वारा जिस तरह से एक तरफ कारोबार किया जा रहा है उससे ना तो यातायात में कोई परेशानी आ रही है और ना ही किसी और को कोई दिक्कत हो रही है। इस पूरे विरोध के बीच में नगर निगम के द्वारा इस कब्जे को हटा दिया गया और वहां से फूल की दुकान समाप्त कर दी गई। दुकान संचालकों के द्वारा विरोध किए जाने के कारण वहां पर काफी भीड़ जमा हो गई थी। लोग इकट्ठा होकर नजर देख रहे थे। इसी दौरान कई लोग पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बना रहे थे जो कि उनके द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किया गया।

# ढाई माह पूर्व हटाई गई चाय की गुमटी को लेकर निगम में हंगामा

### अपर आयुक्त के कक्ष में पहुंचे वकील और उठाए सवाल, घबराहट में निगम की रिमूवल गैंग को अधिकारी के कक्ष में बुलाया

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम के द्वारा ढाई माह पूर्व हटाई गई चाय की गुमटी को लेकर निगम में कल हंगामा हो गया। इस मामले को लेकर अपर आयुक्त के कक्ष में जब वकील पहुंचे और उन्होंने सवाल उठाए तो घबराहट फैल गई। ऐसे में तत्काल निगम की रिमूवल गैंग को अधिकारी के कक्ष में बुला लिया गया।**




कल शाम को जब करीब 4:30 बज रहे थे। तब अचानक ही निगम के रिमूवल टीम के कार्यालय से इस टीम के सदस्य निकाल कर तेज गति के साथ करीब करीब दौड़ते हुए निगम की नई बिल्डिंग की तरफ जाने लगे। इन्हें जाते हुए देखकर निगम में सनसनी का माहौल बनने लगा। जिस गति से यह कर्मचारी जा रहे थे उससे यह स्पष्ट था कि कहीं ना कहीं कुछ ना कुछ गड़बड़ हुई है। यह सारे कर्मचारी तेजी से चलते हुए निगम की नई बिल्डिंग की पहली मंजिल पर अपर आयुक्त आकाश सिंह के कक्ष में पहुंचे। वहां पर पहले से ही कुछ लोगों की भीड लगी हुई थी। इसके साथ ही कक्ष में से जोरदार चिल्ला चोट की आवाज आ रही थी। इस टीम के पहुंचने के बाद तेज गति से चलते हुए कुछ महिला वकील वहां पर पहुंची। इन वकीलों को अपर आयुक्त कार्यालय के कर्मचारियों ने रोकने की कोशिश की तो उन्हें डपटते हुए यह वकील अधिकारी के कक्ष में पहुंची। उसके बाद फिर तेज आवाज में जोरदार बहस शुरू हो गई। अभी यह बहस थोड़ी ही हुई थी कि कुछ सीनियर वकील भी वहां पर पहुंच गए। यह पूरा हंगामा नगर निगम के द्वारा 30 दिसंबर को बिचोली क्षेत्र में टावर के नीचे लगी हुई चाय की गुमटी को हटाने को लेकर हुआ। यह गुमटी अजय नामक व्यक्ति की थी। उसका भाई विकलांग है। उसने निगम के द्वारा की गई कार्रवाई को गलत बताते हुए कई बार शिकायत की लेकिन अधिकारी के द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई। इस स्थिति के चलते हुए ही यह सभी वकील अजय को अपने साथ लेकर अधिकारी के पास पहुंचे थे। इन वकीलों के द्वारा उक्त व्यक्ति की आवाज को नहीं सुने जाने की शिकायत किए जाने पर हल्ला और हंगामा होते देख अधिकारी ने आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ता की शिकायत को सुना जाएगा और उसका समाधान किया जाएगा।

### बेहतर यातायात के लिए कार्रवाई जरूरी

इस दौरान अपर आयुक्त के द्वारा कहा गया कि शहर के बेहतर यातायात के लिए नगर निगम के द्वारा अलग-अलग स्थान से ठेला और गुमटी हटाए जाते हैं। यदि इन्हें भी नहीं हटाएंगे तो फिर सड़क पर लोगों को चलने की जगह कहां से मिल पाएगी। इस दौरान अधिकारी ने महापौर परिषद के सदस्य मनीष शर्मा मामा के नाम का उल्लेख किया और कहा कि वह भी पिछले दो-तीन दिन से लगातार कह रहे हैं कि अतिक्रमण हटा दो।

# जनप्रतिनिधि भी हादसा स्थल पर पहुंचे

## विजयवर्गीय ने कलेक्टर से कहा ईवी चार्जिंग मामले में लेना चाहिए संज्ञान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बंगाली चौराहा के समीप बृजेश्वरी एनेक्स में पुंगलिया परिवार में कल रात आगजनी के बाद दर्दनाक हादसे में 8 लोगों की जलने से मृत्यु हो गई और तीन बेटे और मां सहित कुल 4 लोग अपनी जान बचाने में सफल रहे। घटना की जानकारी अलसुबह ही फैल गई थी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन सबसे पहले घटना स्थल पर पहुंचे और वे बाद तक रूके रहे उसके बाद मंत्री कैलाश



विजयवर्गीय और फिर महेन्द्र हार्डिया के बाद तुलसीराम सिलावट भी पहुंच गए। भाजपा नेता और जैन समाज से जुड़े दीपक जैन टीनू भी इस दर्दनाक हादसे के बाद मौके पर पहुंचे। इधर अधिकारी में कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, पुलिस आयुक्त संतोषकुमार सिंह भी जल्दी ही घटना स्थल पर पहुंच गए थे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कलेक्टर से कहा कि घटना इलेक्ट्रानिक बैटरी कार को चार्जिंग करने से घटी, इसलिए इस पर बैठक कर आम लोगों को सचेत करना चाहिए क्योंकि ईवी गाडियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और आगे भी इलेक्ट्रानिक गाड़ियां और बढ़ेगी। इस मामले में इलेक्ट्रानिक गाड़ी उपयोग करने वालों को जागरूक करना जरूरी है। इधर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय घटनास्थल के बाद एमवाय अस्पताल भी पहुंचे थे और वहां भी उन्होंने अधिकारियों से चर्चा की थी।

### ब्लास्ट के असर से सामने के कांच फूटे



पुंगलिया के मकान में ब्लास्ट का असर सामने के मकान तक दिखाई दिया और सामने के मकान के कुछ कांच भी फुटे और जब आग बड़ा रूप ले रही थी उस दौरान मल्टी और पड़ोस के मकान को भी लोगों ने खाली कर दिया था।

### खंबे पर जमकर निकली चिंगारियां



पुंगलिया के मकान के सामने जहां से विद्युत लाइन घर तक गई उस खंबे से जमकर स्पार्किंग चिंगारियां निकलती रही और उसके बाद लाइट बंद हो गई थी। इसी कारण इलेक्ट्रानिक गेट नहीं खुल पाए थे।

**अभी भी कुछ जगह लग रही है आग-** पुंगलिया के मकान पर आग पर नियंत्रण कर लिया गया है, लेकिन बीच-बीच में फिर थोड़ी-सी आग लगती दिखाई दे रही है जिसे बुझाया जा रहा है, कहीं-कहीं से धुआं भी निकल रहा है उस पर भी फिर पानी डाला जा रहा है।

### कल ही आए थे मेहमान

मनोज पुंगलिया के बड़े बेटे ने कहा कि घर में मेहमान कल ही आए थे, मामा, उनकी बेटी, दो बच्चे, छोटे मामा के बेटे और उनकी बहन सहित 6 लोग सब कल आए थे और रात में हादसा हो गया और दुःखद घटना हो गई।



### महापौर ने बड़े बेटे को दी सांत्वना

महापौर पुष्यमित्र भार्गव बृजेश्वर एनेक्स की आग की घटना में सबसे पहले पहुंचे थे और राजनेताओं में सबसे आखिरी तक रूके हुए थे। हादसे में बचे तीनों बेटे से उन्होंने चर्चा भी की थी और बड़े बेटे को उन्होंने सांत्वना भी दी थी। तीन लोग आग की चपेट में आने से घायल भी हुए हैं।

## कल से न्यायालय में चार दिवसीय अवकाश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इन्दौर अभिभाषक संघ, इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि मध्यप्रदेश की जिला-न्यायपालिका में जिला व सत्र न्यायालयों और उनके अधीनस्थ-न्यायालयों में गुरुवार 19 से 22 मार्च तक लगातार चार-दिन अवकाश रहेगा। कल 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, 20 मार्च को चेटीचंड, 21 मार्च तृतीय शनिवार, 22 मार्च रविवार पर अवकाश रहेगा। लेकिन मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्यपीठ जबलपुर और खण्डपीठ इन्दौर / खण्डपीठ- ग्वालियर में दिनांक 20/03/2026 शुक्रवार को काम-काज होगा। चैटीचण्ड जयंती के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में शुक्रवार को अवकाश नहीं रहेगा। उक्त पूर्ण जानकारी एडवोकेट गोपाल कचोलिया की जानकारी के अनुसार प्रकाशित की गई।

# भाजपा नेता पर उठी बुलडोजर कार्रवाई को लेकर अंगुलियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कल नगर निगम ने महालक्ष्मी नगर क्षेत्र में अस्थाई चौपाटी पर लगी 40 दुकानों को हटाया था। एक व्यवसायी कपिल भिलवारे निवासी महालक्ष्मी नगर ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता ने अक्टूबर 2025 में हर दुकानों से मासिक वसूली की बात कही थी। हर माह पैसा नहीं देने के बाद वे परेशानी पैदा कर रहे थे और लगातार धमकी दे रहे थे कि बगैर हर माह पैसे के व्यापार नहीं चलने दिया जाएगा। मना करने के बाद निगम की टीम को 14 नवम्बर 2025 को भी




भिजवाया गया था। इधर बजरंग दल के जिला संयोजक लकी रघुवंशी ने कहा कि गरीब और छोटे व्यापारियों के साथ अन्याय हुआ, इसकी निष्पक्ष जांच होना चाहिए। रघुवंशी ने यह भी कहा कि निगम को स्पष्ट करना चाहिए कि कार्रवाई नियम अनुसार हुई है या राजनीतिक दबाव में की गई। यदि अवैध वसूली, धमकी और जाति अपमान जैसे आरोप सही पाये जाते हैं तो उन पर कार्रवाई होना चाहिए।



## दलित नेता ने दी श्रद्धांजलि

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा से जुड़े दलित नेता बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने बैतूल पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की बेटी सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान इंदौर से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता नानूराम कुमावत सहित अन्य भी मौजूद रहे।





## दो विधानसभा के भाजपा मंडल को मिला प्रशिक्षण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग अभियान के दौरान कल दो विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 और 3 के मंडलों के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। विधानसभा 5 का अग्रसेन महासभा बायपास पर आयोजित हुआ, जिसमें विधायक महेन्द्र हार्डिया, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भी उद्बोधन दिया। इस दौरान राजेश उदावत, राजीव जैन, पुष्पेन्द्र पाटीदार, प्रणव मंडल, रामबाबू यादव, नेहा शर्मा, राजा कोठारी, वासुदेव पाटीदार, अशोक अधिकारी मौजूद थे। वहीं विधानसभा 3 का मंडल प्रशिक्षण दो अलग-अलग गार्डनों में आयोजित हुआ। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, आलोक दुबे, कृष्णमुरारी मोघे, संतोष मेहता, बाबूसिंह रघुवंशी, राकेश डागोर ने उद्बोधन दिए।

# काल बनकर खड़ा था ट्रेलर.. बिना संकेतक खड़े वाहन से टकराई कार, दो की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कनाड़िया थाना इलाके में बायपास रोड पर एक बार फिर लापरवाही ने दो जिंदगियां निगल लीं। बिचौली हप्सी ब्रिज पर बिना पार्किंग लाइट और संकेत के खड़े एक भारी भरकम ट्रेलर से पीछे से आ रहे वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ लापरवाही का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, यह दर्दनाक हादसा बीते 12 मार्च को बिचौली हप्सी ब्रिज पर हुआ। ट्रेलर क्रमांक एमपी 09 एचएच 0141 का चालक अपने वाहन को ब्रिज के बीचों-बीच खड़ा कर कहीं चला गया था। नियमानुसार रात के समय सड़क पर वाहन खड़ा करते समय पार्किंग लाइट या रिफ्लेक्टर जैसे चेतावनी संकेतों का उपयोग करना अनिवार्य है, लेकिन चालक ने ऐसी कोई सावधानी नहीं बरती। अंधेरा होने के कारण पीछे से आ रहे वाहन चालक को खड़ा ट्रेलर नजर नहीं आया और तेज रफ्तार वाहन सीधे ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा घुसा।हादसे की तीव्रता इतनी अधिक थी कि वाहन में सवार दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजेश गोयल निवासी राजपुर, बड़वानी और राजेन्द्र भगोरे के रूप में हुई है। मामले में जांच के आधार पर पुलिस ने अब आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**इन्दौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर जान दे दी गई। मृतक इंदौर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रवि पिता सुरेश पाल (28 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से झाबुआ जिले का निवासी था। वह वर्तमान में तिलक नगर के ग्रेटर ब्रजेश्वरी इलाके में किराये से रहकर पढ़ाई कर रहा था। फिलहाल आत्महत्या के पीछे के सटीक कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है।

# संदिग्ध मैसेज का लिंक खोलते ही बैंक खाते से 3.94 लाख पार

## साइबर ठगों ने ट्रांसपोर्टर को बनाया निशाना

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। एक अज्ञात जालसाज ने मोबाइल पर लिंक भेजकर एक व्यक्ति के बैंक खाते में सेंध लगा दी। पीड़ित द्वारा मैसेज के लिंक पर क्लिक करते ही उनके खाते से करीब 4 लाख रुपये उड़ा लिए गए। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लिंक क्लिक करते ही हुआ 'खाता साफ'-** पुलिस के मुताबिक, फरियादी संतोष कुमार गर्ग निवासी जय मां शारदा रोड लाइंस, निपानिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके पास मोबाइल नंबर 8240185913 से एक संदिग्ध मैसेज आया था। जैसे ही उन्होंने उस मैसेज को खोला और उसमें दिए गए लिंक पर क्लिक किया, उनके बैंक खाते से ट्रांजेक्शन शुरू हो गए। देखते ही देखते उनके खाते से कुल 3,94,680 रुपये कट गए।पैसे कटने के मैसेज मोबाइल पर आने के बाद संतोष कुमार के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत बैंक को सूचित कर खाता फ्रीज करवाया और लसूडिया थाने पहुँचकर मामले की जानकारी दी। फरियादी का कहना है कि उन्होंने किसी को कोई ओटीपी शेयर नहीं किया था, केवल मैसेज का लिंक ओपन करने के बाद ही यह ठगी हुई। लसूडिया पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उस मोबाइल नंबर की लोकेशन और बैंक ट्रांजेक्शन की डिटेल निकाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि पैसा किस खाते में ट्रांसफर हुआ है।

# लिफ्ट देने के बहाने दोस्त ने कमरे में बंधक बनाकर की छेड़छाड़

## गला दबाकर जान से मारने की कोशिश

**इन्दौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके ही दोस्त द्वारा बदसलूकी और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को घर छोड़ने के बहाने कमरे में बंधक बनाकर अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट की और गला दबाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, 27 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने दोस्त मोंटी की बर्थडे पार्टी में शामिल होने बंगाली चौराहा स्थित उसके निवास पर गई थी। रात अधिक होने के कारण उसने अपने परिचित राहुल पिता प्रकाश निवासी महक वाटिका, रोबोट चौराहा को फोन लगाकर बुलाया और उसे घर छोड़ने के लिए कहा।पीड़िता का आरोप है कि राहुल उसे मालवीय नगर लेकर आया और जैसे ही वह कमरे के अंदर दाखिल हुई, राहुल ने तुरंत दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। आरोपी ने सबसे पहले पीड़िता का मोबाइल छीन लिया इसके बाद आरोपी राहुल ने विवाद शुरू कर दिया कि तुमने दोस्त की बर्थडे पार्टी में शराब क्यों पी। विवाद के दौरान आरोपी ने पीड़िता के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं और जबरदस्ती करने लगा। जब पीड़िता ने कड़ा विरोध किया, तो राहुल ने उसे गालियां दीं और थप्पड़ों से जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता का गला दबाकर उसे जान से मारने की भी कोशिश की। पीड़िता ने साहस दिखाते हुए राहुल को धक्का दिया और कमरे से बाहर निकाला, जिसके बाद वह अपनी जान बचाकर वहां से निकली।विजय नगर पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी राहुल के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# फर्जी भाड़ा चिट्ठी और जाली हस्ताक्षर कर कोर्ट को किया गुमराह

## पुलिस ने दर्ज किया धोखाधड़ी का केस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**एमआईजी थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और कूटनीति का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक किराएदार ने दुकान खाली न करने और किराया आधा करने की नीयत से फर्जी भाड़ा चिट्ठी तैयार कर ली। इतना ही नहीं, आरोपी ने मकान मालिक के जाली हस्ताक्षर कर उस फर्जी दस्तावेज का उपयोग न्यायालय को गुमराह करने के लिए भी किया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक, फरियादी महेश अग्रवाल ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेश अंगलानी पिता हीरालाल अंगलानी और आशा अंगलानी निवासी एचआईजी कॉलोनी उनके यहां किराएदार हैं। आरोपियों ने एक सोची-समझी साजिश के तहत फर्जी भाड़ा चिट्ठी तैयार की। इस कूटरचित दस्तावेज को बनाने का मुख्य उद्देश्य यह था कि उन्हें किराए वाला स्थान खाली न करना पड़े और मकान मालिक को बाजार दर से लगभग आधा किराया ही देना पड़े।फरियादी का आरोप है कि आरोपियों ने इस फर्जी दस्तावेज पर उनके जाली हस्ताक्षर किए और इसका दुरुपयोग करते हुए माननीय न्यायालय को भी अंधेरे में रखा। आरोपियों ने इस कूटरचित भाड़ा चिट्ठी के जरिए न्यायालय से तात्कालिक राहत प्राप्त करने की कोशिश की, ताकि वे अवैध रूप से संपत्ति पर काबिज रह सकें। पुलिस ने जांच में पाया कि यह कृत्य गंभीर धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। एमआईजी थाना पुलिस ने महेश अग्रवाल की शिकायत पर आरोपी सुरेश अंगलानी और आशा अंगलानी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

# एमवाय अस्पताल में भीड़ नियंत्रित कर रहे कर्मचारी पर पिता-पुत्र ने किया हमला

## सिर पर डंडा मारकर किया लहूलुहान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**एमवाय अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। अस्पताल में भीड़ को रोकने और व्यवस्था बनाने के दौरान एक व्यक्ति और उसके नाबालिग बेटे ने सुरक्षाकर्मी पर हमला कर दिया। आरोपियों ने कर्मचारी का ही सरकारी डंडा छीनकर उसके सिर पर दे मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। संयोगितागंज पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक, फरियादी योगेश पिता मुरलीधर दुबे निवासी गुरु गोविंद कॉलोनी एमवाय अस्पताल में कार्यरत हैं। घटना बीते 16 मार्च की रात करीब 9:30 बजे की है। अस्पताल के वार्डों में मरीजों के परिजनों की अत्यधिक भीड़ होने के कारण योगेश भीड़ को नियंत्रित कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी आनंद पिता जमना प्रसाद मेहरा निवासी नॉर्थ कमाठीपुरा, सदर बाजार और उसका 17 वर्षीय नाबालिग बेटा जबरन वार्ड में घुसने लगे।जब योगेश ने उन्हें नियमों का हवाला देते हुए अंदर जाने से रोका, तो दोनों पिता-पुत्र आपा खो बैठे और गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपी आनंद ने योगेश को मजबूती से पकड़ लिया और उसके हाथ से सुरक्षा वाला डंडा छीनकर सीधे योगेश के सिर पर दे मारा। हमले के कारण योगेश के सिर से खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर जब साथी कर्मचारी प्रवीण बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आनंद ने उसके साथ भी मारपीट की और उसकी नाक व गले पर मुक्के मारकर घायल कर दिया।अस्पताल परिसर में हंगामा बढ़ता देख अन्य लोग भी वहां जमा हो गए। पकड़े जाने के डर से दोनों आरोपी वहां से भाग निकले, लेकिन जाते-जाते उन्होंने योगेश को धमकी दी कि आज तो बच गया, आइंदा मिला तो जान से खत्म कर देंगे। संयोगितागंज पुलिस ने योगेश की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।



# कवि सम्मेलन का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जाल सभागृह में सत्यनारायण रावत के स्मरण दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन प्रस्तुतियों के साथ किया गया। सूत्रधार श्यामसुंदर पलोड़ थे। ओमप्रकाश बड़ाया, रामकुमार बड़ाया, विनोद खंडेलवाल, राजीव झालानी, महेश खंडेलवाल, संजय खंडेलवाल, मंगलम खंडेलवाल, श्रेया खण्डेलवाल, राकेश खंडेलवाल, मदन खण्डेलवाल, हरीश विजयवर्गीय, अरविंद बागड़ी, डॉ. सुभाष खण्डेलवाल, राजेश डगायच, दीपक शास्त्री, सुमित सक्सेना, जस्टिस शांतनु केमकर, अवधेश दवे, राजेश विजयवर्गीय, सुनील जैन, संतोष माचीवाल, शौर्य, वेदांश, आदित्य, डॉ. आगाशे मौजूद थे।

# अलग घर शिफ्ट होने पर भड़का जेठ, छोटे भाई और पत्नी को डंडों से पीटा

**इन्दौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट का एक मामला सामने आया है। एक दम्पत्ति द्वारा किराये का कमरा लेकर अलग शिफ्ट होने की बात उनके बड़े भाई को इतनी नागवार गुजरी कि उसने अपने ही भाई और उसकी पत्नी पर डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए दूसरे भाई को भी आरोपी ने ईंट मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना नई बस्ती कैलोद करताल की है। फरियादी रुपाली पति रामसिंह तंवर ने शिकायत दर्ज कराई कि उसने और उसके पति रामसिंह ने रहने के लिए एक अलग कमरा किराये पर लिया है। बीती शाम करीब 6:00 बजे जब वे अपना घर का सामान लेने पहुंचे, तो रुपाली का जेठ राजा तंवर वहां आ धमका और गालियां देने लगा।रुपाली और उसके पति ने जब गाली देने से मना किया, तो आरोपी राजा तंवर तैश में आ गया। उसने पास पड़ा डंडा उठाकर रामसिंह पर हमला कर दिया, जिससे उनके दाहिने पैर और कमर में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर छोटा भाई विनोद तंवर जब बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आरोपी ने उस पर ईंट से हमला कर दिया। ईंट लगने से विनोद के सिर, छाती और पीठ पर चोटें आई हैं।वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी राजा तंवर वहां से भाग निकला। जाते-जाते उसने धमकी दी कि अगर दोबारा घर का सामान लेने आए, तो तुम लोगों को जान से खत्म कर दूंगा।

# देर रात तक शोर शराबा और यातायात बाधित करने वाली चौपाटियां नहीं चलेगी

## महालक्ष्मी नगर की कार्रवाई है उदाहरण, नियम विरुद्ध चौपाटी का संचालन ना करें

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में चलने वाली चाट चौपटियां को लेकर नगर निगम आयुक्त सिंघल ने सख्ती दिखाते हुए स्पष्ट रूप से हिदायत दी है कि नियम के विरुद्ध और आवासीय क्षेत्र में रहवासियों को परेशानी होने पर चौपाटी का संचालन बंद कराया जाएगा जिन क्षेत्रों से देर रात तक चौपाटी संचालन के दौरान शोर शराबी और यातायात बाधित करने की शिकायतें मिल रही है उन क्षेत्र में कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को महालक्ष्मी नगर क्षेत्र में की गई चौपाटी पर रिमूवल की कार्रवाई इसी का एक बड़ा उदाहरण थी निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया है की चौपाटी का संचालन नियमों के दायरे में रहकर करना होगा।

शहर में मेघदूत चौपाटी हटाए जाने के बाद से बड़ी संख्या में शहर की विभिन्न कॉलोनी और गली मोहल्ले में निजी प्लांट पर स्टेट बनाकर चौपाटी संचालित की जा रही है। यहां खाने-पीने के ठेले बड़ी संख्या में खड़े रहते हैं और लोगों की आवाजाही भी रहती है। सड़क के किनारे पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण यातायात बाधित होता है साथ ही यहां देर रात तक लोग आते हैं जिसके कारण आसपास के रहवासियों को तेज आवाज और शोर शोर शराबे से परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में यदि नगर निगम को शिकायत प्राप्त होती है तो निगम का अमला जांच के बाद रिमूवल कार्रवाई करेगा। वर्तमान में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 700 से अधिक चौपाटी का संचालन किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त ने सभी जोन को विशेष निर्देश दिए हैं कि चौपटियां पर साफ सफाई और कचरा सेग्रीगेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। सड़कों के आसपास कचरा फैला नहीं हो साथ ही यातायात बाधित होने पर भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शहर में सर्वेक्षण से संबंधित तैयारी की जा रही है इसीलिए प्रत्येक ओपन स्थान पर लगने वाले ठेले एवं दुकानों पर दो डस्टबिन होना अनिवार्य है।

गौरतलब है कि इंदौर शहर में मेघदूत चौपाटी लोगों के लिए रोजगार का साधन बन गया था। पूरे मध्य प्रदेश के लोग यहां आकर खान पान की दुकानें संचालित करते थे लेकिन बड़ी संख्या में ट्रैफिक जाम और देर रात तक व्यावसायिक गतिविधियां चलने के कारण नगर निगम द्वारा इन्हें हटाने की कार्रवाई पिछले दिनों की गई इसके बाद शहर के प्रत्येक क्षेत्र में खाली प्लाट पर 15 से 20 ठेले लगाकर चौपटिया संचालित की जाने लगी। अब चौपटियों से आवासीय क्षेत्र में रहवासियों को परेशानी होने लगी है। नगर निगम के पास इस तरह की 20 शिकायत है और पहुंची है, जिसकी जांच करवाई जा रही है। संभवतः महालक्ष्मी नगर में की गई कार्रवाई से शहर के सभी चौपाटी संचालक सबक लेंगे। नगर निगम आयुक्त ने भी यह यह कार्रवाई चौपाटी संचालकों को संदेश देने के उद्देश्य से की है।

# सड़कों की सफाई के लिए 30 मशीन किराए पर लेने की तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर के सभी प्रमुख मार्गो की सड़क की सफाई के लिए 30 मशीन किराए पर लेने की तैयारी की जा रही है। इन मशीनों को 5 साल के लिए किराए पर लिया जाएगा और उनके माध्यम से शहर के सभी प्रमुख मार्गो की सफाई का कार्य किया जाएगा।

अभी भी नगर निगम के द्वारा रोड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से ही सभी मेजर सड़कों की सफाई का कार्य किया जाता है प्रोग्राम इस कार्य को आगे भी निरंतर बनाए रखने के लिए नगर निगम के द्वारा 30 रोड स्वीपिंग मशीन को किराए पर लेने का फैसला लिया गया है। इसके लिए निगम की ओर से टेंडर जारी कर दिया गया है। इस टेंडर के माध्यम से नगर निगम के द्वारा उक्त मशीन के मालिकों से उनके ऑफर बुलवाए गए हैं। जो मशीन मलिक कम किराए पर अपनी मशीन नगर निगम को मासिक आधार पर देने के लिए तैयार होगा उसकी मशीन को निगम के द्वारा किराए पर ले लिया जाएगा। निगम के अधिकारियों का कहना है कि उक्त मशीन को 5 साल के लिए किराए पर लिया जाना है। निगम इस तरह की 30 मशीन किराए पर लेने की तैयारी में है। इन मशीन के किराए के रूप में निगम के द्वारा 38 करोड रुपए की राशि चुकाई जाएगी।

अब स्वच्छता सर्वेक्षण पास में आ रहा है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के द्वारा स्वच्छता को बनाए रखने के लिए किए जाने वाले कामों पर फोकस कर दिया गया है। इस समय एक तरफ जहां शहर में वॉल पेंटिंग का काम तेज गति से किया जा रहा है वही रोड डिवाइडर और चौराहे की रोटरी के रंग रोगन के काम को भी प्रमुखता दी जा रही है। इसके साथ ही अब निगम के द्वारा सड़कों की सफाई की मशीन को किराए पर लेने के काम को भी प्राथमिकता दे दी गई है। इस बारे में निगम के अधिकारियों का कहना है कि अभी जो मशीन किराए की चल रही है उनके अनुबंध की अवधि समाप्त होने की तरफ आ गई है। इसके चलते हुए निगम नए टेंडर के माध्यम से नया अनुबंध कर लेना चाहता है।



## गर्मी की दस्तक...मटके की खरीदी शुरू

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गुरुवार को गुड़ी पड़वा पर्व मनाया जाएगा। गुड़ी पड़वा से मौसम ठण्ड से गर्मी की ओर बढ़ता हुआ माना जाता है। तापमान में अब लगातार वृद्धि होगी, हालांकि बीते कुछ दिनों से शहर में दोपहर में तेज गर्मी हो रही है, इसी बीच अब मटके की खरीदी शुरू हो गई है। एयरपोर्ट रोड, मालगंज, मालवा मिल, मूसाखेडी, बंगाली चौराहा, विजय नगर सहित कई क्षेत्रों में मिट्टी के बर्तन, मटके, सुराई बेचने वाले लोगों ने दुकानों सजा ली है। इन दुकानों पर खरीदी भी हो रही है।

# कल गुड़ी पड़वा पर बिकेगा 5 हजार किलो से अधिक चक्का

## श्रीखंड का नववर्ष पर होता है उपयोग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कल हिन्दू नववर्ष की शुरूआत गुड़ी पड़वा नवरात्रि से होगी और कल बहुत बड़ी संख्या में लोगों के घरों में श्रीखंड खाने के उपयोग में लिया जाता है। कई लोग आज ही चक्का दूध दुकानदारों से खरीद लेंगे तो कई लोग कल सुबह ही मट्ठा खरीदकर घर में ही श्रीखंड बनाएंगे। पुरानी परम्परा रही है कि घरों में ही श्रीखंड तैयार किया जाता है। आजकल रेडिमेड युग में लोग पुरानी परम्परा को निभाने के लिए तैयार श्रीखंड भी ले लेते हैं। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि आज शाम से लेकर कल तक 5 हजार किलो से अधिक श्रीखंड इंदौर में बिकता है और 6 हजार किलो से अधिक चक्का-मट्ठा आज शाम से कल दोपहर तक बिक जाता है। कुल मिलाकर अभी भी धार्मिक परम्परा बनी हुई है और इसी परम्परा में श्रीखंड के खान-पीन का उपयोग कल किया जाएगा। महाराष्ट्रीयन समाज जहां कल पूरन पोली का उपयोग करेगा, कई परिवार में श्रीखंड का उपयोग भी साथ में किया जाता है। बताया जा रहा है कि चक्का का इस समय रेट 250 रु. किलो से लेकर 280 रु. तक है। कुछ दुकानदारों ने बताया कि जिस मट्ठा से क्रीम निकला हुआ रहता है वह रेट कम होता है, लेकिन जिसमें क्रीम अच्छा होता है वह मट्ठा 280 से कम नहीं है, गिनती के कुछ दुकानदार 290 से 300 रु. किलो का रेट भी चक्का का ले रहे हैं। इधर रहवासियों का कहना है कि हम घर पर ही चक्का ले आते हैं, जिसमें 50 प्रतिशत शक्कर मिलाकर उसकी छनाई करते हैं और फिर केसर-इलायची डालकर फ्रीज में रख देते हैं और कुछ दिनों तक इस श्रीखंड का उपयोग आराम से किया जाता है।



# राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में सवा लाख नामांकन शुल्क

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्वाचन की अधिसूचना के बाद अब उम्मीदवार नामांकन फार्म लेंगे तो उन्हें नामांकन फार्म का 5 हजार रु. शुल्क और जब फार्म भरकर नामांकन शुल्क जमा करेंगे तो उन्हें नामांकन शुल्क 1 लाख 25 हजार रु. विधिवत जमा कराना होगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। केवल सनद वैरीफिकेशन करवाने वाले अभिभाषकों को ही मतदान करने और चुनाव लडने का अधिकार रहेगा। तीस प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। मतदाता सूची भी जारी कर दी गई है। कुल 25 सीटें है जिनमें 7 सीटों पर महिलाओं का आरक्षण रहेगा। कचोलिया ने बताया कि परिषद चुनाव के लिए गठित समिति ने परिपत्र भी जारी कर दिया है और सारी जानकारी भी मतदाताओं को भेज दी गई है। अगर कोई दिव्यांग प्रत्याशी है तो नामांकन फार्म का शुल्क 500 रु. और नामांकन दाखिल करने का शुल्क 15 हजार रु. तय किया गया है। दिव्यांग को नियम अनुसार प्रमाण पत्र जारी करना होगा। कचोलिया ने बताया कि परिषद की प्रारम्भिक मतदाता सूची में केवल अपनी सनद का वैरीफिकेशन करवाने वाले अभिभाषकों के ही नाम है। जिन अभिभाषकों के नाम प्रारम्भिक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह 24 मार्च के पहले अपनी सनद के वैरीफिकेशन के लिए आनलाइन फार्म भर कर अपने नाम अन्तिम मतदाता सूची में शामिल करवा सकते है। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा जारी प्रारम्भिक मतदाता सूची में इन्दौर के 10262 मतदाताओं के नाम शामिल है। प्रारम्भिक मतदाता सूची में संशोधन और सुधार करवाने के लिए 24 मार्च की दोपहर तक इस प्रारम्भिक मतदाता सूची में शामिल किसी मतदाता का नाम कम करवाने और नाम जुड़वाने के लिए नियमानुसार आवेदन किया जा सकता है।




## गीता भवन ट्रस्ट में राम ऐरन पुनः अध्यक्ष

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गीता भवन न्यासी मंडल की बैठक संरक्षक न्यासी विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुई। जिसमें गीता भवन ट्रस्ट मंडल के चुनाव में राम एरन पुनः अध्यक्ष चुन लिए गए। गीता भवन अस्पताल की संचालन समिति में दिनेश मित्तल, राजेश गर्ग केटी को भी जिम्मेदारी दी गई है।

## हरिराम बाबा भक्त मंडली ने निकाला चल समारोह



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हरिराम बाबा भक्त मंडली ने नीलकंठ कॉलोनी से गणगौर बाना का आयोजन किया। मातृशक्तियों ने शिरकत की। अतिथि राजेश करोसिया राजा, जयमाला खत्री, आकाश सोनी थे। रजनी आकाश सोनी, राधा शर्मा, हंसा सोनी ने अपनी भूमिका निभाई।

## अल्लाह के घर का दीदार कराएगी सर्वधर्म संस्था

### माँ और बेटा कल होंगे मक्का-मदीने के लिए रवाना



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सर्वधर्म संस्था के अध्यक्ष मंजूर बेग ने बताया कि आर्थिक तंगी के चलते कई लोग उमराह नहीं कर पाते हैं और इसी कारण कई लोग मन में ही अपनी हसरत पूरी नहीं कर पाते हैं कि वे अल्लाह के घर का दीदार नहीं कर पा रहे हैं। संस्था द्वारा नूरजहां बैगम का अल्लाह के घर के दीदार का सपना पूरा कराया जाएगा। नूरजहां बैगम के साथ उनके पुत्र शेख मोहम्मद को भी मक्का-मदीना के सफर पर भेजने का जिम्मा उठाया। संस्था माता और पुत्र पासपोर्ट से लेकर यात्रा और अन्य सभी व्यवस्थाएं भी जुटाएगी। यह यात्रा कल 19 मार्च को शुरू होगी। कल नूरजहां बैगम और शेख मोहम्मद के इस्तकबाल का आयोजन रखा गया, जिसमें मंजूर बेग, इमरान कुरैशी, मुकेश बजाज, रियाज खान, समीर बेग, माहिर शाह मौजूद रहे।

## बैरवा महासभा में अध्यक्ष-महामंत्री निर्विरोध

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अ.भा. बैरवा महासभा के जिला चुनाव के अधिकारी रामकिशन मिमरोट ने बताया कि नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद पर महेश गोठवाल, महामंत्री पद पर मनोहर लोधवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए, वहीं कपिल जाटवा को कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया।





## अनन्तनाथ जिनालय पर अनुष्ठान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जय सेन जैन की पुण्यतिथि पर श्री अनन्तनाथ जिनालय छावनी में अनुष्ठान किया गया। शांतिनाथ विधान भी किया गया। एमके जैन, सुरेश जैन, कुसुम जैन, कैलाश वेद, भैयालाल जैन, रमेशकुमार जैन, डॉ. नरेन्द्रकुमार जैन, जयश्री जैन, अंजू जैन, राजश्री जैन, हुकुमा जैन, नरेश-संगीता जैन मौजूद थे।

## यादव महिला मंडल ने किया मिलन आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। यादव समाज महिला मंडल ने राधाकृष्ण फाग महोत्सव और होली मिलन का आयोजन किया। कविता यादव ने भजनों की प्रस्तुति दी। मातृशक्तियों ने कीर्तन पर नृत्य किया। फूलों और गुलाल से होली खेली गई। संतोष यादव, मुकेश यादव, जीतू यादव, रोहित यादव, रेखा नाथू यादव, रचना संतोषी यादव, अनीता हेमंत यादव, ओमवती दिनेश दुबे, अनीता यादव, सोनू यादव, भारती यादव, रेखा राजू यादव, शशि यादव, चंदाबाई यादव, माया जीतू यादव, रामकली अशोक यादव, अरुणा राजू यादव, रेखा राजू यादव, सोनू मौर्य, प्रिया दीदी, पलक दीदी, नीता यादव, रेनू यादव, कांता दीदी, पुष्पा दीदी, मणि यादव, पुखराज यादव, हिना यादव, गीता यादव, ममता यादव, संगीता यादव, रानी यादव, ज्योति यादव, मंजू यादव,निकिता यादव, प्रियांशी यादव, शीतल यादव, यशोदा यादव एवं रिंकू यादव, विजय यादव, सदाशिव यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## जैन मुनि को श्रीफल भेंट



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दलालबाग में 3 से 9 अप्रैल तक होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए मुनि विमल सागर म.सा., मुनि अनन्त सागर म.सा. को इंदौर विहार के दौरान आष्टा सोनकच्छ के बीच आहार स्थल पर श्रीफल भेंट कर कार्यक्रम के लिए आग्रह किया गया। उल्लेखनीय है कि दिगम्बर जैन चन्दाप्रभु जिनालय मल्हारगंज में प्रथम मंजिल पर नवनिर्मित वेदी पर विराजित होने वाली 24 तीर्थंकरों की रजत प्रतिमाओं का प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित होगा। भूपेन्द्र जैन, श्रुत जैन, नीलेश जैन, जिनेश जैन, वीरेंद्र देवरी, अजय मामा, सुरेश जैन, अभिषेक जैन, गुड्डू गढ़ाकोटा मौजूद थे। उक्त जानकारी राजेश जैन ने दी।

## सखी सहेली ग्रुप ने की किटी पार्टी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रूपल श्री सखी सहेली ग्रुप द्वारा रेटरो थीम पर किटी पाटी का आयोजन किया।



तम्बोला खेला गया। प्राचीन अदाकारों के रूप में प्रस्तुति दी गई। पुराने फिल्मी गीतों का आनन्द लिया। अंजू शाह, मिनल जैन, रानू जैन, प्रीति कटलाना, साधना सेठी, सोहिल नीमा, सुनीता गुप्ता, वर्षा पगारिया, पल्लवी लाड, दीपा पगारिया, दीपा नीमा, हेमा व्यास, पूनम सोनी मौजूद थी।

## ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री क्लॉथ मार्केट वैष्णव बाल मंदिर गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यालय के बाल सुमन कक्षा केजी सेकण्ड के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई। प्राचार्य, उपप्राचार्य ने प्रमाण-पत्र दिए। संचालन संजना चूघ ने किया।

## सिंधी समाज की मातृशक्तियां आज निकालेंगी कलश यात्रा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चेटीचंड महोत्सव के अन्तर्गत भारती सिंधु सभा महिला शाखा और चेटीचंड महिला समिति से जुड़ी मातृशक्तियां द्वारा झूलेलाल सौभाग्य कलश यात्रा का आयोजन आज शाम 4 बजे से करने जा रही है। सरिता जवाहर मंगवानी, चांदनी नरेश फुंदवानी, लता भागचंद पुरुषवानी ने बताया कि इस यात्रा में 251 से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। लाल पिंक रंग के वस्त्र में महिलाएं कलश लेकर चलेगी। भगवान झूलेलालजी का अभिषेक भी किया जाएगा। यात्रा प्रीतमदास सभागृह से कंधकोट भवन पहुंचेगी।

## सुरलय म्यूजिकल ग्रुप की संगीत संध्या




इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सुरलय म्यूजिकल ग्रुप द्वारा जाल सभागार में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के गायकों ने गीतों की प्रस्तुतियां दी। गायक शाकिब ने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। दीपक जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मनोज सनोटिया, विनोद नागर, दिव्यांश परमार, शक्ति भट्ट, महेश पलोड़, शरद खंडेलवाल, रितेश निमाड़े, पुनीता व्यास, राजेश दुबे, लीना श्रीवास, विशा जैन और अर्चना जैन एवं हेमेंद्र महावार, की संगीत टीम के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। सचिन जैन के प्रभावी सूत्रधार संचालन ने कार्यक्रम को रोचक और व्यवस्थित बनाए रखा।



# भावसार समाजजन रहे शोभायात्रा में मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माँ हिंगलाज प्राकट्य उत्सव पर भावसार क्षत्रिय समाज ने शोभायात्रा आदर्श इंदिरा नगर स्थित मां हिंगलाज मंदिर से निकाली,रथ पर सवार होकर मां हिंगलाज भक्तों को दर्शन देने निकली। रास्ते में कई जगह स्वागत भी हुआ। धार रोड स्थित गार्डन में मां का विशेष श्रृंगार दर्शन, भोग दर्शन किए। महाअभिषेक, यज्ञ और आरती में भी भावसार समाजजनों ने शिरकत की। कई राजनेताओं की मौजूदगी रही। अनिल भावसार,दाऊलाल भावसार,विपिन भावसार, प्रदीप भावसार सहित अन्य मौजूद थे।

# बोहरा समाज कल मनाएगा इदुल फितर पर्व

## मुस्लिम समाज को चांद के दीदार का इंतजार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बोहरा समाज का पवित्र रमजान पर्व 17 फरवरी से शुरू हुआ था और पूरे माह रोजे रखकर इबादत की गई और कल इदुल फितर पर्व बोहरा समाजजन मनाएंगे। वहीं मुस्लिम समाज को चांद के दीदार का इंतजार है। कल चांद के दीदार होते हैं तो 20 मार्च को ईद होगी, नहीं तो फिर 21 मार्च शनिवार को ईद मनाएंगे। ईद के दिन अलग-अलग मस्जिदों में अलग-अलग समय की नमाज अदा की जाएगी। वहीं मुख्य आयोजन सदर बाजार ईदगाह और खजराना ईदगाह में होंगे। वहीं छोटी ग्वालटोली, आजाद नगर ईदगाह में भी नमाज के आयोजन निर्धारित समय पर किए जाएंगे।

# बाल चिकित्सा क्षेत्र में संक्रामक रोग पर मंथन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर अकादमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा बाल चिकित्सा के क्षेत्र में संक्रामक रोगों की चुनौतियों और उनके समाधान पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक सत्र 'मंथन' का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में विशेष रूप से बच्चों में बढ़ते संक्रामक रोगों, उनके सटीक निदान और टीकाकरण के भविष्य पर विशेषज्ञों ने विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. संजय घोरपड़े, डॉ. सुहास, संजीव रावत, डॉ. के.के. अरोरा, डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. संजय सिलावट ने अपनी भूमिका निभाई।






# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की माताओं का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चाचा नेहरू अस्पताल के वार्ड में भर्ती थैलेसीमिया पीडित बच्चों की माताओं का सम्मान थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप ने किया। मेडल के साथ चाकलेट, बिस्किट भी भेंट किए गए। डॉ. रजनी भंडारी, प्रेरणा शेंत्रे, पुष्प अग्रवाल, अरविन्द, दिलीप मौजूद थे।

# मुस्लिम समाजजन आज रात मनाएंगे जश्न-ए-मौला अली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी के सदर मास्टर मोहम्मद सलीम लाइक और मकसूद अहमद ने बताया कि आज रात 12 बजे से तकरीबन 2 बजे तक बड़ी मस्जिद कड़ाव घाट में जश्न-ए-मौला अली मनाया जाएगा। जिसमे हजरत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद शकील साहब एहसानी और हजरत मौलाना मोहम्मद ओवैस रजवी तकरीर फरमाएंगे। मोहम्मद नईम मेहमाने खुसुसी होंगे। प्रोग्राम के आखिर में सेहरी का इंतजाम रहेगा।

# सूरज जोशी बने परशुरामजी शोभायात्रा के संयोजक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सर्व ब्राह्मण युवा एकता संगठन के अध्यक्ष सूरज जोशी को पूर्वी क्षेत्र में भगवान परशुराम की शोभायात्रा का संयोजक बनाया गया है। यह शोभायात्रा ब्राह्मण समाजजनों के साथ परशुराम मंदिर कनाडिया रोड से निकाली जाएगी। आज अमावस्या पर मंदिर पर प्रसादी का वितरण भी किया जा रहा है।



# आज अमावस्या पर पवित्र नदी स्नान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

आज अमावस पर धार्मिक आयोजन हो रहा है। एक तरफ जहां श्रद्धालु नर्मदा स्नान के लिए खेड़ीघाट, बड़वाह और ओंकारेश्वर पहुंचे तो ओंकारेश्वर जाने वाले श्रद्धालु आज सुबह से बाईग्राम स्थित नवग्रह शनि मंदिर में दर्शन भी कर रहे हैं। वहीं क्षिप्रा पवित्र नदी में भी स्नान किया जा रहा है। आज अमावस पर सुबह से ही अभिषेक कर खुशहाली की कामना भी की जा रही है। वहीं घरों में भी आज अमावस का पूजन हो रहा है। धूप दी जा रही है। उद्योग, दुकान, कार्यालय में भी धार्मिक आयोजन हो रहे हैं।



# जैन संघ ने किया स्वास्थ्य शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बृहतपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ एवं सप्त नगरी श्रीसंघ, द्वारा जयंतीलाल पोषित्र की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जैन समाजजन मौजूद रहे। डॉ. दीपेश कोठारी ने हृदय रोग, और डॉ मोना कोठारी ने स्त्री रोग सम्बंधित जानकारी दी। डॉ. कोठारी दम्पत्ति का बहुमान भी किया गया। पुष्पेन्द्र जमींदार, महेन्द्र जैन, धनराज संघवी, प्रभा जैन मौजूद थे।

# कल से 9 दिवसीय 'सबके राम' महोत्सव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर हिन्दू नववर्ष, गुड़ी पड़वा 19 से 27 मार्च तक होने वाले 'सबके राम' महोत्सव का शुभारंभ कल सुबह 10 बजे शहर के प्रमुख संतों-महंतों के सानिध्य एवं विहिप तथा संघ सहित प्रमुख प्रतिनिधियों के आतिथ्य में भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के जयघोष, गुड़ी पूजन एवं तदपश्चात श्रीराम महायज्ञ तथा वृन्दावन के भव्य प्रेम मंदिर की प्रतिकृति के दर्शनों के साथ होगा। वृन्दावन से लाई गई पवित्र रज एवं यमुना सहित देश की पवित्र नदियों के पावन जल के दर्शन भी यहां आम भक्तों को प्रतिदिन होंगे। रोजाना शाम 6 बजे रामगीत धुन, सायं 7 बजे आरती एवं रात 8 बजे से प्रख्यात कलाकारों एवं रंगकर्मियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी आकर्षण के प्रमुख केन्द्र होंगे। महोत्सव में प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक प्रदेश के प्रमुख योगाचार्यों के निर्देशन में योग शिविर तथा 8 से 10 बजे तक विद्वान आचार्यों के निर्देशन में यज्ञशाला में श्रीराम-जानकी महायज्ञ का आयोजन भी होगा।

# बुक बैंक का शुभारम्भ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अभिनव ग्रुप ऑफ एज्युकेशन सोसायटी सुंदर नगर बाणगंगा द्वारा बुक बैंक का शुभारंभ महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद गिरिजी महाराज ने किया। इस बैंक में विद्यार्थी अपनी पुरानी किताबें जमा कर नई कक्षा की किताबें निःशुल्क ले सकते हैं। विजय दुबे अंकुल प्रजापति,दीपक सूर्यवंशी, दक्ष शर्मा, रक्षा भावसार, कनक चौधरी,सचिन यादव, ज्योति दुबे, वंदना दुबे, प्रीति दुबे, राजेश गुप्ता ने अपनी भूमिका निभाई।

# हाईवे क्षेत्र की अग्र महिलाएं स्पर्धा विजेता के रूप में हुई सम्मानित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में गणगौर मेले में अग्रवाल-वैश्य समाज की महिलाओं ने गणगौर बाना में शिरकत की। आयोजन के दौरान अग्र और वैश्य महिलाओं के लिए बनी-ठनी, मिस्टर एंड मिसेज एसर-पार्वती, बिंजौरा सजाने सहित अनेक स्पर्धाएं भी आयोजित की गई। इस दौरान म्यूजिकल तम्बोला का भी आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया। अरविन्द बागड़ी, मनीष अग्रवाल मन्नु, शीतल तोडीवाला, राजेश गर्ग केटी सहित अन्य मौजूद थे।



# सेन महाराज जयंती को लेकर बैठक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

केंद्रीय समिति सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जन्म जयंती 14 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी। सेन समाज के 19 गोठ के पदाधिकारियों की मौजूदगी में बडी बैठक का आयोजन किया। जिसमें कई संकल्प भी लिए गए। नीलेश सेन शेलू ने बताया कि समाज के कार्यकारी अध्यक्ष संदीप श्रीवास बने।

# पालीवाल समाजजनों ने किया कीर्तन पर नृत्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी द्वारा इमली बाजार स्थित समाज भवन पर फाग उत्सव के अंतर्गत राजस्थानी फूल डोर गेर का आयोजन किया। फाग गीत और कीर्तन पर समाजजनों ने नृत्य किया। ढोलक और थाली मादल पर डंडे लेकर राजस्थानी गरबा नृत्य भी किया गया, ठाकुरजी की आराधना भी हुई।



# कलेक्टर ने सुनी जनसमस्याएं, कई का त्वरित हुआ निराकरण





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा ने लोगों से सीधे संवाद कर कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया और अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर समय-सीमा में प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एक भावनात्मक प्रकरण सामने आया। जिसमें अपनी बहन को नया जीवन मिलते देख परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। मरीज़ की बहन दिव्या जायसवाल ने बताया कि उनकी बहन ज्योति जायसवाल के शरीर के अंगों ने अचानक काम करना बंद कर दिया था, जिससे उनकी स्थिति बेहद गंभीर होकर जीवन के अंतिम चरण तक पहुंच गई थी। ऐसे कठिन समय में वे जनसुनवाई में पहुंचीं, जहां उन्हें बहन के उपचार के लिए निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। समय पर मिले इस सहयोग से उनकी बहन का सफल उपचार संभव हो सका। इसी कृतज्ञता के भाव से वे परिजन मिठाई लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर शिवम वर्मा को मिठाई देकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया और भी कई प्रकरण सामने आए जिसमें कई हाथों हाथ निपटे भी और कईयों में त्वरित कलेक्टर ने निर्देश दिए। अलग-अलग समस्याओं के आवेदन आए जिसमें प्लॉट, पेंशन, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण रहे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी का कार्य 1 अप्रैल से होगा शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर संभाग में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी का कार्य एक अप्रैल से प्रारंभ होगा। समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिए व्यापक तैयारियां जारी है। संभाग में गेहूँ उपार्जन के लिए एक लाख 91 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। बताया गया कि इंदौर जिले में 71713, झाबुआ में 7120, धार में 44466, अलीराजपुर में 476, खण्डवा में 35104, बुरहानपुर में 523, बड़वानी में 4724 तथा खरगोन में 27557 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

## अग्निवीर सेना भर्ती के लिए आवेदन शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 1 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी एवं अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट ँ.रदगहर्ह्हिस्.हग्म.ग्ह पर उपलब्ध है। भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया गया कि इस बार सेना भर्ती में आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है।

## डॉ. टीना अग्रवाल को मिला राष्ट्रीय सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर आई, महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज इंदौर की प्रोफेसर एवं नेत्र सर्जन डॉ. टीना अग्रवाल ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में भारत के प्रतिष्ठित नेत्र विज्ञान जर्नल इंडियन जर्नल ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी में प्रकाशित उनके शोधपत्र के लिए 'बेस्ट ओरिजिनल आर्टिकल – कैटरैक्ट' पुरस्कार से ज़यपुर में सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह में 44 हजार जोड़े हो सकेंगे लाभान्वित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गरीब, जरूरतमंद, निराश्रित परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए आयोजित किए जाने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के लिए तिथियों का निर्धारण किया गया है। इनमें अक्षय तृतीया 19 अप्रैल, देवउठनी ग्यारस (तुलसी विवाह) 20 नवंबर बसंत पंचमी 11 फरवरी 2027 तथा एक अन्य तिथि स्थानीय मांग और कलेक्टर के निर्णय अनुसार निर्धारित की जा सकती है। वर्ष 2026-27 में 44 हजार से अधिक विवाह करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर राज्य सरकार 242 करोड़ से अधिक राशि व्यय करेगी।

## श्रमायुक्त विभाग द्वारा कार्यशाला



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सहायक श्रमायुक्त इंदौर द्वारा इंदौर एवं उज्जैन संभाग के विभागीय अधिकारी एवं संबंधित स्टैक होल्डर्स के लिए जालसभा गृह में स्टेट एक्शन प्लान एवं श्रम संहिताएं तथा चाइल्ड लेबर एण्ड बॉन्डेड लेबर का आयोजन किया गया। श्रम स्टार रेटिंग, कार्यस्थल पर सुरक्षा, हर्ट फ्री डेज, आरोह, श्रम विभाग से सम्बंधित योजनाएं, वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 एवं व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य शर्त संहिता 2020 की जानकारी दी गई। श्रम अधिकारी आशीष पालीवाल, बीपी सिंह, राखी जोशी, चंद्रशेखर जायसवाल, अमरजीतसिंह, योगेन्द्र विकल, तृप्ति डावर, अविनास रंगारे मौजूद थे।

## संकल्प से समाधान अभियान में हजारों आवेदनों का निराकरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर 31 मार्च तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों की 65 सेवाओं और 41 योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में अब तक आयोजित शिविरों में एक लाख 39 हजार 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से एक लाख 37 हजार 197 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों की निराकरण की प्रक्रिया भी जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश सरकार सुशासन और स्वराज के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने दी प्रथम रहने वाली स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एचपीवी टीकाकरण अभियान में मात्र 15 दिनों में प्रदेश की 1 लाख से अधिक बेटियों को वैक्सीन लगाकर मध्यप्रदेश के देश में प्रथम रहने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम, एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बेटियों को सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध सुरक्षा का सशक्त कवच प्रदान करने के लिए प्रारंभ अभियान के प्रदेश में सफल क्रियान्वयन में इस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, स्वास्थ्य विभाग की टीम को मुख्यमंत्री ने बधाई दी।

# न्यू रामनगर क्षेत्र में सवा करोड़ की लागत से निगम करेगा स्कूल भवन का नवीनीकरण और विस्तार



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा एक में वार्ड क्रमांक 17 के अंतर्गत नंदबाग रोड पर स्थित न्यू राम नगर कालोनी के बच्चों को अब बारिश के सीजन में सालों पुराने शासकीय माध्यमिक विद्यालय की पुरानी चद्दर शेड वाली इमारत में नहीं बैठना पड़ेगा। बल्कि निगम द्वारा अब यहां पुराने एक मंजिला चद्दर शेड स्कूल इमारत पर छत डालकर दूसरी मंजिल के लिए आने वाले दिनों में जल्द विद्यालय भवन के विस्तार की योजना के तहत नई मंजिल का निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर निगम द्वारा अपनी ओर से तमाम तैयारी भी शुरू कर दी है। बकायदा इसके लिए निविदा भी जारी हो गई है। जिसके अनुसार यहां करीब एक करोड़ 11 लाख रुपए खर्च कर निगम द्वारा शासकीय स्कूल के पुराने भवन के विस्तार की योजना के तहत यहां नया नवनिर्माण का कार्य किया जाएगा।

घर के नजदीक वाले सरकारी स्कूल में मिलेंगी निजी स्कूल जैसी आधुनिक पढ़ाई

जिसके तहत क्षेत्र के बच्चों को अपने घर के नजदीक बड़े प्राइवेट स्कूल की तरह सरकारी स्कूल में भी शिक्षा के अधिकार के तहत आधुनिक संसाधनों के साथ शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा मिलने वाली है। जिसके तहत निगम शाला प्रकोष्ठ के अंतर्गत क्षेत्र के न्यू रामनगर और नंदबाग रोड़ क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय की विस्तार योजना के अन्तर्गत करोड़ों रुपए खर्च कर सालों पुरानी चद्दर शेड वाली स्कूल इमारत के बजाय छत डालकर दो से तीन मंजिला और निर्माण कर विद्यालय भवन का विस्तार किया जाएगा। जिसके तहत आधा दर्जन से ज्यादा नए क्लास रूम, स्टॉफ रूम, बच्चों के लिए दो बड़े हॉल का निर्माण भी किया जाना है। ताकि क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के अधिकार के तहत आधुनिक सुविधाओं और संसाधनों के साथ नए जमाने के साथ नई शिक्षा नीति के तहत स्मार्ट क्लास रूम में पढ़ने का सुनहरा अवसर मिलें। यही नहीं योजना के तहत नई स्कूल बिल्डिंग में क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के प्रयासों से आधा दर्जन से ज्यादा नए स्मार्ट क्लासरूम और दो बड़े हाल और छात्रों के लिए प्रयोगशाला और कंप्यूटर क्लासेस की सौगात भी मिलने वाली है। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने बताया स्मार्ट क्लास रूम में सामाजिक संस्थाएं, दानदाताओं और जन सहयोग से क्षेत्र के सरकारी स्कूल को निजी स्कूल के समान बेहतर और आधुनिक करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। जिसके तहत आने वाले दिनों में न्यू राम नगर नंदबाग क्षेत्र में जल्द निगम द्वारा नवीन स्कूल इमारत के निर्माण का कार्य तेजी के साथ किया जाएगा। जिसके तहत नवीन क्लास रूम तैयार करने के साथ ऊपरी मंजिल पर भी नए स्मार्ट क्लास रूम और छात्रों के लिए लैब और प्रयोगशालाएं भी बनाई जाएगी ताकि छात्र यहां अपने रिसर्च भी आसानी से कर सकेंगे।

## संपादकीय

# युद्ध का उन्माद और तार-तार होती इंसानियतः क्या वैश्विक नियमों का वजूद खत्म हो गया

दुनियाभर में बढ़ते युद्ध उन्माद ने मानवीयता को ताक पर रख दिया है। काबुल के अस्पताल पर हमला एक गंभीर युद्ध अपराध है, जिसमें 400 बेकसूर मारे गए। मासूमों की बलि और नियम विरुद्ध हिंसा वैश्विक शांति के लिए खतरा है। आज जब पूरे विश्व को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ना था, तब कई देश युद्ध के उन्माद में इस कदर डूबे हुए हैं कि मानवीयता तार-तार हो रही है। सैन्य संघर्ष लगातार बढ़ते जाने से शांति कायम होने की उम्मीदें धूमिल पड़ रही हैं। हमलों का जख्म इतना गहरा है कि उसकी कीमत प्रायः निर्दोष लोग चुका रहे हैं, जिनका युद्ध से कोई वास्ता नहीं। सबसे दुखद यह कि कई बड़े और यहां तक कि छोटे देश भी युद्ध संबंधी अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों को मानने के लिए तैयार नहीं। पूरी दुनिया ने गाजा से लेकर यूक्रेन और तेहरान तक यह देखा है कि किस तरह उन ठिकानों पर भी हमले किए गए, जो नियम के विरुद्ध था। पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे सैन्य टकराव के बीच सोमवार रात जो दृश्य सामने आया, उससे साबित हो गया कि मानवीय संवेदनाओं के सारे तकाजों को ताक पर रख दिया गया है। यह बेहद दुखद है कि अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पाकिस्तानी हवाई हमले में एक अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिससे चार सौ बेकसूर लोगों की मौत हो गई। भारत ने इस मामले में उचित ही सवाल उठाया है कि रमजान के पवित्र माह में इस हवाई बमबारी को किस तरह से देखा जाए। युद्ध के दौरान गैरजरूरी हिंसा रोकने और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए बनाए गए नियमों में स्पष्ट कहा गया है कि जंग के दौरान आम नागरिकों, स्कूल-अस्पताल और शरण लेने वाली जगहों को निशाना नहीं बनाया जाएगा। कोई देश रिहाइशी इलाकों, अस्पतालों, विद्यालयों और राहत केंद्रों पर हमला करता है, तो यह युद्ध अपराध है। मगर मानवीय तकाजे के बावजूद नियमों को ताक पर रख कर हमले किए जा रहे हैं, तो इसका मकसद क्या है? आज युद्ध की भयावह तस्वीरें हमारे पड़ोस से लेकर पूरे मध्य-पूर्व में दिखाई दे रही हैं। सैन्य हमलों में लोग बेघर हो रहे हैं। वे शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। बिजली-पानी और स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में उनका जीवन बदतर हो गया है। हवाई बमबारी में विद्यालयों और अस्पतालों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। मासूम बच्चे और निर्दोष नागरिक मारे जा रहे हैं, तो इसे रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया था। युद्ध अभी भी जारी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को करारा झटका लगा है। राष्ट्रपति ट्रंप के नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के डायरेक्टर जो केंट ने मंगलवार को इस्तीफ़ा दे दिया है। उन्होंने इसके पीछे की वजह ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करना बताया। जो केंट ने अपने इस्तीफे में कहा कि ईरान से हमारे देश को कोई तत्काल खतरा नहीं था।

# रिक्शा चालक ने मोबाइल लौटाने के बहाने महिला को बनाया हवस का शिकार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक ई-रिक्शा चालक द्वारा महिला के साथ दरिंदगी और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले मोबाइल लौटाने के नाम पर पीड़िता को बंधक बनाकर ज्यादती की और बाद में उसे डरा-धमकाकर दोबारा अपनी हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक, 36 वर्षीय पीड़िता एक होटल में काम करती है और काम पर जाने के लिए अक्सर आरोपी महेन्द्र के ई-रिक्शा का उपयोग करती थी, जिससे दोनों की जान-पहचान हो गई थी। घटना वाले दिन पीड़िता का मोबाइल गलती से महेन्द्र के रिक्शा में छूट गया था। जब पीड़िता अपना फोन मांगने पहुंची, तो आरोपी ने कहा कि मोबाइल जनता क्वार्टर स्थित उसके दोस्त के कमरे पर रखा है। मोबाइल लेने जब महिला वहां पहुंची, तो आरोपी ने कमरे का दरवाजा बंद कर दिया और शर्त रखी कि पहले संबंध बना, तभी मोबाइल दूंगा।

पीड़िता ने जब विरोध किया, तो आरोपी महेन्द्र ने उसे गालियां दीं और जमकर मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने महिला की मर्जी के खिलाफ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी महिला उस वक्त चुप रही, लेकिन आरोपी के हौसले और बढ़ गए।दरिंदगी का सिलसिला यहीं नहीं रुका। बीती 10 मार्च की रात करीब 9:00 बजे, जब पीड़िता होटल से काम खत्म कर बाहर निकली, तो आरोपी महेन्द्र वहां फिर आ धमका। उसने महिला को डराते हुए कहा कि तू मेरे साथ कमरे पर चल, वरना मैं यहीं मर जाऊंगा और तुझे फंसा दूंगा।बदनामी और डर के कारण महिला उसके साथ दोबारा उसी जनता क्वार्टर वाले कमरे पर गई, जहां आरोपी ने फिर से उसके साथ गलत काम किया।

# मोबाइल ऐप से सट्टा लगा रहे चार आरोपी पकड़े

**इंदौर। चंदननगर पुलिस ने मोबाइल एप के जरिए सट्टा खिलाने के मामले में अलग-अलग कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को पकड़ा है।**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन जब्त किए हैं और सट्टा एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पहली कार्रवाई में सर्विस रोड से मोहम्मद अशफाक उर्फ अस्सू और अजहर मंसूरी को गिरफ्तार किया गया। इनके मोबाइल ऐप में सट्टे का गेम, नंबरों का चक्र और बैलेंस राशि मिली। वहीं दूसरी कार्रवाई में चंदननगर चौराहे के पास फिरोज और इमरान उर्फ काला को पकड़ा गया। इनके पास से भी सट्टा संचालन में इस्तेमाल हो रहे मोबाइल जब्त किए गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दोस्त की आत्महत्या केस में फंसने का डर दिखाकर ब्लैकमेलिंग

## युवक से हड़प लिए 2.80 लाख नकद और लाखों के जेवरात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**बाणगंगा थाना क्षेत्र में ब्लैकमेलिंग का एक मामला सामने आया है। एक शातिर आरोपी ने अपने ही परिचित को खुदकुशी के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के प्रकरण दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक, फरियादी हर्षित पिता श्यामलाल कुशवाह निवासी कुशवाहश्री नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके दोस्त आदित्य परिहार का एक लैपटॉप उसने आरोपी विनायक यादव के माध्यम से 30 हजार रुपये में गिरवी रखवाया था। इसी बीच, अज्ञात कारणों के चलते हर्षित के दोस्त आदित्य ने आत्महत्या कर ली। इस दुखद घटना का फायदा उठाकर आरोपी विनायक ने हर्षित को अपने जाल में फंसाना शुरू किया।आरोपी विनायक ने हर्षित को फोन कर डराया कि आदित्य की आत्महत्या के मामले में पुलिस केस में तेरा नाम आ रहा है। पुलिसिया कार्रवाई और जेल जाने के डर से घबराए हर्षित का आरोपी ने मानसिक शोषण शुरू कर दिया। मामले को रफा-दफा करने के नाम पर आरोपी ने हर्षित से अलग-अलग समय पर कुल 2 लाख 30 हजार रुपये ऑनलाइन और 50 हजार रुपये नकद ऐंठ लिए।लालची आरोपी यहीं नहीं रुका, उसने हर्षित को इतना डरा दिया कि पीड़ित ने अपने घर के कीमती जेवरात भी उसे सौंप दिए। हड़पे गए जेवरातों में सोने का रानी हार, एक छोटा हार, चैन, मंगलसूत्र, झुमकी, अंगूठी सहित चांदी के कड़े, कमर पेटी, बिछिया और पायल जैसे भारी आभूषण शामिल हैं। आरोपी ने बेईमानी से पीड़ित की जमा पूंजी और गहने अपने कब्जे में कर लिए।जब हर्षित को अहसास हुआ कि उसे झूठा डर दिखाकर ठगा जा रहा है, तो उसने बाणगंगा थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई।



# बागोरा शिक्षा मंत्री पद के उम्मीदवार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री पालीवाल ब्राह्मण समाज पंचायत 44 श्रेणी इंदौर के आगामी चुनाव 29 मार्च की घोषणा हो चुकी है इसी कड़ी में हरीश वोरा ने बताया समाज की ओर से शिक्षा मंत्री पद के लिए श्री चारभुजा सेवा मंडल की ओर से पुरुषोत्तम बालक बागोरा चुनाव चिन्ह नगाड़ा खड़े हुए हैं।

# जिला बदर इलाके में घूमता मिला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**बाणगंगा पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले बदमाश के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए रासुका के तहत प्रकरण दर्ज किया है।**

बदमाश आशीष उर्फ गाधी निवासी गोविंद नगर खारचा को पुलिस ने प्रतिबंधित क्षेत्र में घूमते हुए पकड़ा। आरोपी पर पूर्व में जिला बदर की कार्रवाई की गई थी, इसके बावजूद वह आदेश का उल्लंघन करता मिला। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर रासुका के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर घुसे चोर चांदी के बर्तन और नकदी लेकर हुए फरार

**इन्दौर। लसूडिया थाना क्षेत्र के तुलसी नगर में एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार जब अपने दूसरे मकान पर गया हुआ था, तभी पीछे से चोरों ने घर के ताले चटकाए और अलमारियों के हैंडल तोड़कर कीमती सामान और नकदी पार कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, फरियादी राम पिता घनश्याम शर्मा निवासी तुलसी नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि कल वे अपने परिवार के साथ दिन में अपने दूसरे मकान पर गए हुए थे। घर पूरी तरह सूना था। दोपहर में उनके घर पर काम करने वाले कर्मचारी का फोन आया, जिसने बताया कि घर का दरवाजा खुला है और ताले टूटे हुए हैं। सूचना मिलते ही राम शर्मा तुरंत मौके पर पहुँचे।फरियादी ने घर के अंदर जाकर देखा तो कमरों और अलमारियों के हैंडल टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे और अंदर के कमरों के दो ताले तोड़े थे। प्रारंभिक जांच में घर से चांदी के ग्लास, कुछ नकदी और अन्य कीमती सामान गायब मिला है। अज्ञात बदमाशों ने बड़ी इत्मीनान से पूरे घर की तलाशी ली और कीमती सामान समेटकर फरार हो गए।

## संगीत संध्या और सम्मान समारोह होगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्टार फेन क्लब द्वारा संगीत संध्या और सम्मान समारोह का आयोजन 27 मार्च को शाम 6.30 से प्रीतमलाल दुआ सभा गृह में किया जाएगा। कलाकार प्रस्तुति देंगे।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| --- | --- |
| 157400 | 155411 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 255500 | 252110 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# आधुनिक डमी का शुभारंभ







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर पर बालिकाओं को रेसलिंग का आधुनिक प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र पर आधुनिक डमी लाई गई। इसके उपयोग के पहले उसका शुभारंभ भी किया गया। इस सेंटर पर केवल बालिकाओं को ही प्रवेश दिया जाता है। इस अवसर पर ममता कमल वर्मा जिन्होंने 4 आधुनिक रेसलिंग डमी भेंट की। राजेश शर्मा, रामशंकर वर्मा, मुकेश पहलवान, नरेश वर्मा, कमल वर्मा, मुकेश वर्मा, संतोष कुशवाहा, महेश राठौर, अभिषेक पाठक, पवन वर्मा, रूपमती वर्मा, सीमा राठौर, वंदना हार्डिया, अभिलाषा वर्मा, अंजली वर्मा, स्नेहा वर्मा, प्रीति मिस्त्री मौजूद थे। उक्त जानकारी रमेश मिस्त्री पहलवान ने दी।



## लंबे समय के बाद आदिवासी कालोनी से पीटीएस तक बिछने लगा सीमेंटेड सड़कों का जाल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 54 में स्थित आदिवासी भील कॉलोनी से लेकर पीटीएस कॉलोनी तक लंबे समय के अंतराल के बाद नई सीमेंटेड सड़कों का जाल बिछ रहा है। जिसको लेकर यहां की 4 से 5 गलियों के रहवासी पिछले कई सालों से क्षेत्रिय विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद महेश बसवाल से मांग कर रहे थे। लेकिन किसी न किसी कारण से मंजूरी के बावजूद क्षेत्र के लोगों को इतने समय से नई सड़क निर्माण कार्य आरंभ होने का लंबा इंतजार करना पड़ा। हालांकि अब क्षेत्रीय पार्षद बसवाल के प्रयासों से निगम ने पिछले दिनों आदर्श भील कॉलोनी की लगभग चार पांच गलियों में एक साथ नई सीमेंट सड़क बनाने की तैयारी शुरू कर दी। जिसके तहत वर्तमान में कई गलियों में सड़क निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

**इस माह के अंत तक हो जाएगा लंबे समय से अटका सड़कों का निर्माण पूरा-** वहीं बड़ी बात यह है कि क्षेत्र के रहवासी और शिवाजी मंडल उपाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि गोपाल सिंगार ने बताया क्षेत्र के रहवासी सालों से यहां सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से अब क्षेत्र की गरीब बस्ती भील कॉलोनी में ज्यादातर गलियों में नई सीमेंटेड सड़क बनकर तैयार हो रही है। जिससे लोगों की राह आसान होगी। साथ ही आने वाले दिनों में बारिश के सीजन में क्षेत्र के रहवासियों को पार्षद और विधायक के प्रयासों से नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिससे बारिश के दिनों में इस क्षेत्र के रहवासियों को कीचड़ और गंदगी से दो-चार नहीं होना पड़ेगा। वहीं रहवासी अजय चौहान, अरविंद ने बताया आने वाले दिनों में इसी माह के अंत तक सभी गलियों में नई सीमेंटेड सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। जिनका काम अभी तेजी के साथ चल रहा है।

# पीएसपीबी व रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को खिताबी सफलता



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

## यूटीटी सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा यूटीटी 87वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा के टीम मुकाबलों में पुरूष वर्ग में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड तथा महिला वर्ग में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने स्वर्णिम सफलता हासील की।

अभय प्रशाल में खेली जा रही राष्ट्रीय स्पर्धा में पुरूष टीम वर्ग के फायनल मुकाबले में पीएसपीबी ने प.बंगाल को 3-0 से, पराजित किया। पीएसपीबी के पायस जैन ने अंकुर भट्टाचार्जी को 12-10, 11-4, 1-11, 11-9 से, मानव ठक्कर ने अनिकेत चैधरी को 15-13, 11-5, 11-5 से व हरमित देसाई ने बौधीसत्व चैधरी को 11-4, 11-2, 9-11, 6-11, 11-8 से पराजित कर टीम को सफलता दिलाई।

महिला टीम वर्ग के संघषपूर्ण अंतिम मुकाबलें में आरबीआई ने पीएसपीबी को 3-2 से पराजित किया। आरबीआई की श्रीजा अकुला पराजित विरूद्ध तनिषा कोटेचा 12-10, 12-10, 7-11, 13-15, 4-11 से, अहिका मुखर्जी पराजित विरूद्ध यशस्विनी घोरपडे 7-11, 5-11, 8-11 से, दिया चितले ने सिन्ड्रेला दास को 12-14, 12-10, 11-7, 14-12 से, अहिका ने तनिषा को 11-7, 11-4, 11-5 से व श्रीजा ने यशस्विनी को 11-5, 4-11, 11-9, 12-14, 11-6 से परास्त कर टीम को स्वर्णिम सफलता दिलवाई।

टीम स्पर्धा का पुरस्कार वितरण हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री तथा कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन के चेयरमेन दुष्यंत सिंह चौटाला के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन के महासचिव एम.पी.सिंह ने की इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी, टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व महासचिव धनराज चौधरी, अरूण बेनर्जी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, मेसीमो कोंटेंटीनी, आशिष बोडस, प्रमोद गंगराडे, नीलेश वेद, गौरव पटेल, भरत शर्मा व आदीश राणा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचानल अमित कोटिया ने किया व आभार शिरीष भागवत ने व्यक्त किया।

इन्दौर नगर पालिक निगम

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **कुलवीर सिंह पिता साहेब सिंह सोलंकी** पता 8/2 सिरेमल बाफना मार्ग 103 विमल प्लाजा इन्दौर झोन क्र. 03 वार्ड 57 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000896422 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

इन्दौर नगर पालिक निगम

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **हपीजुल शेख पिता फकीर शेख** पता 54 जूना पीठा 302 अली प्लाजा इन्दौर झोन क्र. 03 वार्ड 58 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000892991 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

इन्दौर नगर पालिक निगम
लक्ष्मणसिंह गौड झोन क्र. 15
(द्रविड नगर)

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **रमेशचंद्र कुइया पिता पुरुषोत्तम कुइया** द्वारा झोन 15 राजस्व विभाग पर सर्विस क्रमांक 1001248211 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 605 सुदामा नगर इन्दौर के दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 17.03.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.15 (द्रविड नगर) राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक 15 द्रविड नगर**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

इन्दौर नगर पालिक निगम
राजेन्द्र धारकर झोन-14

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **जय खांडेराव जाधव पिता खांडेराव जाधव** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर 322-1 एवं 208 बी ऋषि पैलेस सेक्टर सी इन्दौर पिन नं. 1001217930 क़ा भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

इन्दौर नगर पालिक निगम
मोती तबेला झोन-32

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती रुचि पति श्री प्रमोद झांझरिया** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003003004 पता 43 अम्बिकापुरी मेन इन्दौर के दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# रविवार को सीएसके का बड़ा मेगा शो आईपीएल शुरू होने के पहले जमेगा रंग

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स का रीयूनियन 22 मार्च को चेन्नई में होगा, जिसमें फ्रेंचाइजी अपने कई पुराने खिलाड़ियों को बुलाएगी, जिनमें वे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो अभी दूसरी आईपीएल टीमों से जुड़े हुए हैं।

आईपीएल 2026 से पहले चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में एक अलग नजारा रविवार 22 मार्च को दिखेगा। चेपॉक स्टेडियम में आपको चेन्नई सुपर किंग्स के वो सितारे नजर आएंगे, जो पहले टीम के लिए खेल चुके हैं। इनमें मैथ्यू हेडेन से लेकर मुथैया मुरलीधरन, सुरेश रैना से लेकर अंबाती रायुडू और मुरली विजय से लेकर ड्वेन ब्रावो तक इस समागम में आपको दिखाई देंगे। सीएसके ने आईपीएल के नए सीजन से पहले एक मेगा रीयूनियन प्लान की है।

सीएसके अपने पुराने खिलाड़ियों को इनवाइट कर रही है। यहां तक कि वे खिलाड़ी भी इस इवेंट में आपको दिखाई देंगे, जो इस समय अन्य टीमों के साथ जुड़े हुए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के सपोर्ट स्टाफ




में शामिल मुथैया मुरलीधरन, गुजरात टाइटन्स के बैटिंग कोच मैथ्यू हेडेन और कोलकाता नाइट राइडर्स के सपोर्ट स्टाफ में शामिल ड्वेन ब्रावो भी इस सीएसके रीयूनियन में शामिल होने वाले हैं।

वैसे तो इतने बड़े इवेंट से पहले आधिकारिक ऐलान चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से हो जाना चाहिए, लेकिन क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो सीएसके अधिकारियों ने कहा है कि यह सिर्फ आईपीएल से पहले का एक फॉर्मल काम है, जो सीजन की शुरुआत को दिखाता है। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने बताया, यह सीजन के लिए बस एक प्री-लॉन्च है और फैन एंगेजमेंट की एक एक्सरसाइज है। इसमें और कुछ नहीं है।

हालांकि, उन्होंने कन्फर्म किया कि कई पुराने खिलाड़ी - ज्यादातर भारतीय और वे जिन्होंने पिछले 16 सीजन में फ्रेंचाइजी को रिप्रेजेंट किया है - मौजूद रहेंगे। अभी की टीम और सपोर्ट स्टाफ के अलावा करीब 19-20 पुराने खिलाड़ियों के इस इवेंट में आने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स के खास स्टाइल में, यह इवेंट बहुत बड़ा होने की उम्मीद है, जो शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा, जिसमें एक हिस्सा ऑस्कर जीतने वाले म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान की परफॉर्मेंस के लिए रखा गया है। सीएसके फ्रेंचाइजी ने दूसरी टीमों से बात भी की है कि क्या उनके कोचिंग स्टाफ में शामिल चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ियों को एक दिन के लिए छुट्टी दी जा सकती है। सीएसके के लेजेंड सुरेश रैना, जिन्हें चिन्ना थाला के नाम से जाना जाता है, उन्होंने भी अपनी मौजूदगी कन्फर्म की है। हालांकि, आर अश्विन उस दिन शहर से बाहर रहेंगे। उस दिन तक संजू सैमसन और शिवम दुबे भी टीम से जुड़ जाएंगे, जो अभी तक टी20 विश्व कप 2026 की विजेता टीम का हिस्सा थे।

## जीतेंगे नहीं तो आईसीसी इवेंट क्या ट्रॉफी चोरी करके ले आनी है?

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने एशिया कप 2025 के फाइनल में पाकिस्तान को हराया था, हालांकि भारत ने एसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था। यह बात नकवी को इतनी बुरी लगी थी कि वह ट्रॉफी ही अपने साथ ले गए थे। अब तक टीम इंडिया को एशिया कप की ट्रॉफी नहीं सौंपी गई है। उस घटना के बाद से मोहसिन नकवी को सोशल मीडिया पर यूजर्स ट्रॉफी चोर के नाम से बुलाते हैं। हालांकि अब बांग्लादेश से वनडे सीरीज हारने के बाद पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी कामरान अकमल ने भी मोहसिन नकवी का बिना नाम लिए ट्रॉफी चोरी करने वाला बयान दिया है। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने गेम प्लान शो पर कहा, 'आप जीतेंगे नहीं, टीमों से जीतेंगे नहीं तो आईसीसी इवेंट क्या ट्रॉफी चोरी करके ले आनी है? खेलके लानी है, जीत के लानी है, टीम बनानी है, ऐसे थोड़ी आनी है।' अपने इस बयान से कामरान अकमल ने पाकिस्तान टीम समेत पीसीबी की भी आलोचना की है।

## निर्मित रजनी को स्पेक-टेकरा टीम की कमान



**इंदौर।** 28वीं राष्ट्रीय सबजूनियर बालक-बालिका स्पेक टेकरा प्रतियोगिता 23 से 27 मार्च तक राची (झारखंड) शहर में आयोजित कि जाएगी। जिसका प्रशिक्षण शिविर चयनित खिलाड़ी जबलपुर शहर में 18 से 20 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। जिसमे इंदौर, भोपाल, जबलपुर, छतरपुर, टीकमगढ़, शहडोल, जनजाति विभाग (डिडोरी) ये सभी जिले के खिलाडी मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिसमे मेडिकैप्स स्कूल के छात्र निर्मित रजनी को स्पेक टेकरा मध्यप्रदेश टीम के कप्तान के रूप में चुना गया है। इसके पूर्व भी इंदौर जिले से निर्मित रजनी स्पेक-टेकरा राज्य स्तरीय व स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता मे हिस्सा ले चुके है, इनकी इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्या योगेश्वरी राठौर व स्कूल खेल अधिकारी भावेश बुंदेला, कोच आशीष सेन, इंदौर जिला सचिव श्वेतांक वर्मा व अन्य प्रशिक्षक द्वारा हार्दिक- हार्दिक शुभकामनाएं व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पंजाब के लिए फिर कमाल करेंगे श्रेयस, इरफान को पूरा भरोसा

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल 2026 में भी श्रेयस अय्यर कमाल करेंगे। इरफान पठान को इस बात का पूरा भरोसा है। आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को पहुंचाने वाले श्रेयस अय्यर इस बार खुद भी ट्रॉफी उठाने के बारे में सोच रहे हैं।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने पंजाब किंग्स यानी पीबीकेएस के कप्तान श्रेयस अय्यर को लेकर बयान दिया है। इरफान पठान ने श्रेयस अय्यर के पिछले सीजन के फॉर्म और लीडरशिप को दोहराने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि भारतीय टी-20आई सेटअप में उनके लिए जगह है। इरफान पठान ने माना है कि दाएं हाथ का यह खिलाड़ी एक प्रूवन क्रिकेटर है, जिसे टी-20आई टीम में वापसी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंची थी। इस बार के सीजन की शुरुआत पंजाब की टीम गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 21 मार्च को करेगी। पिछले साल, अय्यर अपनी टीम के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और कुल मिलाकर छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी सीजन में रहे थे। उन्होंने 17 पारियों में 50.33 के औसत और 175.07 के स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए थे, जिसमें छह अर्द्धशतक शामिल थे। केकेआर को वे कप्तान के तौर पर आईपीएल की ट्रॉफी 2024 में दिला चुके हैं। इरफान पठान ने कहा, मुझे पक्का नहीं है कि श्रेयस अय्यर टी-20आई टीम में वापसी के लिए खुद को साबित करने के लिए आईपीएल को




एक स्टेज की तरह इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे होंगे। श्रेयस अय्यर एक प्रूवन क्रिकेटर हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के लिए टी-20 क्रिकेट में बहुत अच्छा किया है। उन्होंने टीम इंडिया के लिए भी बहुत अच्छा किया है। जहां तक इंडियन टीम की बात है, वह वनडे क्रिकेट में बहुत जरूरी खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि टीम इंडिया के टी-20 सेटअप में उनके लिए जगह है और वह इस बात को जानते हैं। उन्होंने आगे कहा, मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह क्वालीफायर्स की पारी (204 रन का पीछा करते हुए 41 गेंदों में 87ङ रन, जिसमें पाँच चौके और आठ छक्के शामिल थे), मुझे अभी भी (जसप्रीत) बुमराह के खिलाफ वह शॉट याद है, जिसमें उन्होंने उस यॉर्कर को थर्ड मैन की तरफ बहुत समय लेकर ग्लाइड किया था। उन्होंने बहुत सुधार किया है। मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि क्या वह इस सीजन में भी वही परफॉर्मेंस दोहरा पाते हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि वह ऐसा करेंगे।

## जोश हेजलवुड पहले दो मैचों से हो सकते हैं बाहर आरसीबी को झटका

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड आरसीबी के लिए आईपीएल 2026 के पहले दो मैच मिस कर सकते हैं। वे अभी तक फिट नहीं हुए हैं। यही कारण है कि सनराइजर्स हैदराबाद और सीएसके के खिलाफ मैच को वे मिस कर सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल की मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है। आईपीएल 2026 में जब आरसीबी की टीम उतरेगी तो एक चैंपियन के तौर पर उतरेगी, क्योंकि 2025 का खिताब इसी टीम ने जीता था। हालांकि, आईपीएल के नए सीजन से पहले आरसीबी को एक तगड़ा झटका लगा है, क्योंकि एक दिग्गज तेज गेंदबाज पहले दो मैचों से बाहर हो सकता है। ये गेंदबाज कोई और नहीं, बल्कि ऑस्ट्रेलियाई पेसर जोश हेजलवुड हैं, जो अभी तक चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। जोश हेजलवुड काफी समय से क्रिकेट की दुनिया से दूर हैं। एशेज सीरीज के दौरान उनको चोट लगी थी और अभी तक मैदान पर उन्होंने वापसी नहीं की है। उनके आईपीएल 2026 के पहले सप्ताह तक टीम में लौटने की संभावना नहीं है। रिपोर्ट की मानें तो जोश हेजलवुड आईपीएल 2026 के पहले दो मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए मिस कर सकते हैं। आरसीबी को पहला मैच पहले ही दिन यानी 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलना है। वहीं, आरसीबी दूसरा मैच आईपीएल 2026 का 5 मार्च को बेंगलुरु में ही चेन्नई सुपर किंग्स यानी सीएसके से खेलने वाली है। दोनों ही मुकाबले आरसीबी के तगड़े हैं, क्योंकि एक मैच में उन्हें दमदार बल्लेबाजों की फौज मिलने वाली है, जबकि दूसरे मैच में आरसीबी के सामने एमएस धोनी के लड़ाकों से पार पानी होगी। बेंगलुरु में गेंदबाजी करना आसान नहीं है। हेजलवुड आरसीबी के तुरुप के इक्के हैं। अगर वे पहले दो मैच मिस करेंगे तो जाहिर है कि टीम के लिए ये बड़ा नुकसान होगा। जोश हेजलवुड को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी और ठीक होने के दौरान उन्हें अकिलीज की शिकायत हो गई थी। इस वजह से वह एशेज सीरीज और टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए थे। पिछले साल आरसीबी के आईपीएल खिताब जीतने के सूखे को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने 17.54 की औसत से 22 विकेट लिए थे, जो उनकी टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट 2025 के सीजन में थे।

## अमला सहित कई इंटरनेशनल क्रिकेटर मैदान पर हो गए थे कैद

**देहरादून ।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में लीजेंड्स क्रिकेट लीग का हिस्सा बनने पहुंचे कई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों को मैदान में कैद किया गया। क्रिकेटरों में हाशिम अमला समेत श्रीलंका के दिलशान मुनावीरा समेत कई क्रिकेट दिग्गज शामिल थे। स्टेडियम में अचानक हुए घटनाक्रम से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। दरअसल, सोमवार को गौलापार में सदर्न सुपर स्टार्स और इंडिया कैप्टन्स के बीच हुए मुकाबले के बाद बवाल हो गया। बाउंसरों ने तीन दिन का बकाया भुगतान नहीं होने पर मुख्य गेट में ताला लगा दिया। इससे लीग में शिरकत करने आए कई खिलाड़ी स्टेडियम के भीतर बसों में आधे तक घंटे फंसे रहे। आयोजकों की ओर से दो घंटे में भुगतान होने के आश्वासन पर गेट खोला गया। इस दौरान बाउंसरों ने विरोध भी जताया। स्टेडियम में फंसे खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला, श्रीलंका के दिलशान मुनावीरा, जिम्बाब्वे के हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा सहित गौरव तोमर, शेल्डन जैक्सन, अजीत चंदिला, रजत भाटिया, रवि जांगिड़, दिवेश पठानिया, परविंदर अवाना, पुनीत बिष्ट, रितिक शर्मा, अनिरुध जोशी, इम्तियाज अहमद, मिर्जा दानिश आलम सहित 20 खिलाड़ी, कोच व अन्य स्टाफ वाहनों में फंसा रहा।





## कार के शौकीन परिवार की जिंदगी को कार ने ही किया तबाह

# पुंगलिया ने पहले बेटों और पत्नी को बाहर किया उनका पिछले सप्ताह ही हुआ था घुटने का ऑपरेशन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तिलक नगर थाना क्षेत्र के ब्रजेश्वरी ऐनेक्स में रात करीब 3 बजे हुई दर्दनाक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुंगलिया परिवार का पूरे मोहल्ले में लगभग सभी से संपर्क था। रात में जब क्षेत्रीय रहवासियों को जानकारी मिली तो लोग कैसे भी करके पुंगलिया परिवार को बचाने में लग गए। कोई पाइप लेकर तो कोई बाल्टियों में पानी लेकर पहुंचा। हालांकि आग ने इतना भीषण रूप ले लिया था कि क्षेत्रीय लोग उस पर काबू नहीं पा सके।

पुंगलिया परिवार कार का शौकीन था। घर में करीब 6 कारें हैं। इलेक्ट्रॉनिक कार को ही घर के समीप खड़ा किया था। चार्जिंग के लिए इस कार को खड़ा किया था और इसी से आग की शुरुआत प्रारंभिक तौर पर मानी जा रही है। पुंगलिया का पीथमपुर और न्यू सियागंज में पाइप से जुड़ा कारोबार है। इसी के चलते घर में कुछ पाइप्स और केमिकल भी रखे हुए थे। वहीं इतनी संख्या में गैस की टंकियां क्यों रखी थी इसकी भी जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है पुंगलिया का पिछले सप्ताह ही घुटना का ऑपरेशन हुआ था। इसके बावजूद वे जैसे-तैसे अपने परिवार को बचाना चाहते थे। समीप रहने वाले एडवोकेट शर्मा ने बताया कि पुंगलिया ने पहले अपने बेटों और पत्नी को बाहर किया। रिश्तेदारों को घर के बारे में पूरी जानकारी नहीं थी। यह भी एक कारण रहा कि वे आत्मरक्षा करने में असमर्थ रहे। मनोज पुंगलिया के साले विजय सेठिया इंदौर कल ही आए थे और वे अपनी बड़ी बीमारी का इलाज इंदौर में कराना चाहते थे। पुंगलिया का घर अर्हम विला लक्जरी बना हुआ था। घर में बार भी बने होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि यह भी बताया जा रहा है कि पहली मंजिल पर मंदिर भी बना हुआ था जो आग की चपेट में नहीं आया।

### कमर्शियल टंकियां भी थी मौजूद

घटना स्थल से पुलिस ने 6 टंकियां भी रेस्क्यू की और कुछ टंकी ब्लास्ट होने की बात भी बताई गई। सूत्रों का कहना है कि पीथमपुर उद्योग के लिए संभवतः इंतजाम के लिए यह कमर्शियल टंकियां यहां रखी हुई थी, इन दिनों कमर्शियल टंकियां नहीं मिल रही है शायद इसीलिए व्यवस्था की गई थी, जिसकी समाचार लिखे जाने तक कोई पुष्टि नहीं हुई है।



### फायर ब्रिगेड कुछ देरी से पहुंची एम्बुलेंस और देरी से पहुंची

**मिली जानकारी के अनुसार सूत्रों का कहना है कि फायर ब्रिगेड करीब सवा घंटे देरी से पहुंची, जिसके कारण भी आग और फ़ैल गई। अगर फायर ब्रिगेड तत्काल पहुंच जाती तो हो सकता कुछ नियंत्रण हो जाता, इधर एम्बुलेंस को भी सूचित किया गया था, लेकिन एम्बुलेंस भी देरी से पहुंची।**

### परिजन बदहवास

**घटना के बाद पुंगलिया के परिजनों को जब हादसे की सूचना मिली तो वे बदहवास हो गए। इधर मौके पर पुंगलिया के तीनों बेटों की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे किन परिस्थितियों से बचे हैं। फिलहाल उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।**



### न्यू सियागंज के अध्यक्ष भी रहे

उद्योगपति और व्यापारी मनोज पुंगलिया न्यू सियागंज मार्केट के अध्यक्ष भी रहे और तेरापंथ श्वेताम्बर जैन समाज के पदाधिकारी भी रहे। सीधे जैन समाज से वे जुड़े रहे।

### पूरे बंगले में लगी थी सीलिंग

बताया जा रहा है पुंगलिया का बंगला लक्जरी बना हुआ था। मकान में फर्नीचर, पीवीसी सीलिंग बनी हुई थी, वहीं दीवारों पर पैनलिंग भी की हुई थी जिसके कारण आग तेजी से पूरे घर में फैल गई और अंदर रह रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिला।

### नई बहू मायका गई तो बच गई

एक बेटे की शादी इसी वर्ष 23 जनवरी को हुई थी और ईश्वर की कृपा से वह कल घर में मेहमान होने के बावजूद अपने मायका गई थी और वह इसी कारण घटना की चपेट में आने से बच गई। घटना की जानकारी के बाद वह अलसुबह ससुराल पहुंची और वहां से वे एमवाय पहुंच गई।

### मकान का हिस्सा हो गया जर्जर

बताया जा रहा है कि टंकी में ब्लास्ट के कारण मकान का एक हिस्सा जर्जर हो गया। इसके अलावा मकान में सभी दूर लोहे की ग्रिल लगी हुई थी वे भी झूल गई। कांच टूटकर सड़क पर गिर गए।

### स्वर्णबाग कॉलोनी में भी हुआ था ऐसा हादसा

कुछ वर्ष पूर्व खजराना के समीप स्वर्णबाग कॉलोनी में भी घर में आग लगने से कुछ लोगों की जिंदा जलने से मौत हुई थी। हालांकि यहां एक सिरफिरे ने आग लगाई थी। वहीं इस आग की चपेट में भी मकान में रह रहे लोग आग गए थे। इसके अलावा भी इंदौर में कारोबारी प्रवेश अग्रवाल की मौत आगजनी की घटना में दम घुटने से हुई थी।

### मृतक के नाम

| | |
|---|---|
| मनोज पुंगलिया | 65 वर्ष |
| सिमरन पति सौरभ पुंगलिया | 30 वर्ष |
| विजय सेठिया | 65 वर्ष |
| सुमन पति विजय सेठिया | 60 वर्ष |
| छोटू पिता विजय सेठिया | 22 वर्ष |
| राशि सेठिया, | 12 वर्ष |
| टीनू | 35 वर्ष |
| एक मासूम | 08 वर्ष |

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।